डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2024-2026
लाइसेंस क्र. Tech/23-04/08/2024-2026
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

टेलीग्राम चैनल से जुड़ने के लिए यहां क्लिक करें

प्रति सोमवार को प्रकाशित, भोपाल 07.10.2024 से 13.10.2024 | वर्ष-41 | अंक-41 | मूल्य ₹ 10.00

/ संक्षिप्त खबर /

श्री अनुराग जैन मध्यप्रदेश के 35वें मुख्य सचिव बने

भोपाल, राज्य शासन के 35वें मुख्य सचिव के रूप में 1989 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी श्री अनुराग जैन ने मंत्रालय में पदभार ग्रहण किया। श्री जैन का जन्म 11 अगस्त, 1965 को मध्यप्रदेश के ग्वालियर में हुआ। भारतीय प्रशासनिक सेवा में जॉइनिंग के बाद उनकी पहली पोस्टिंग सागर में सहायक कलेक्टर के पद पर जून 1990 में हुई। बहुमुखी प्रतिभा के धनी श्री जैन की शैक्षणिक योग्यता बी.टेक. एवं एम.ए. लोक प्रशासन (यू.एस.ए.) है। मुख्य सचिव श्री जैन मंडला, मंदसौर और भोपाल जिले में कलेक्टर के पद पर पदस्थ रहे।

बायोमेट्रिक ई-केवाईसी के लिए चल रहा विशेष अभियान

भोपाल, जनजातीय वर्ग के विद्यार्थियों के हित में तीन अक्टूबर से विशेष अभियान शुरू हुआ है। प्रमुख सचिव, जनजातीय कार्य विभाग डॉ. ई. रमेश कुमार ने बताया कि प्रदेश के 89 जनजातीय विकासखंडों में विद्यार्थियों के आय, जाति प्रमाण-पत्र, बायोमेट्रिक ई-केवाईसी बनवाने, इन्हें समग्र पोर्टल पर अपडेट करने के लिए जिला कलेक्टर के नेतृत्व में जनजातीय विकासखंडों के संकुल स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। इसमें संकुल स्तर पर एमपी ऑनलाइन की ओर से एक कम्प्यूटर ऑपरेटर मौजूद रहेगा।

पुलिस आरक्षक भर्ती

शारीरिक दक्षता परीक्षण 18 से 20 नवम्बर तक

भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि पुलिस आरक्षक भर्ती (जीडी) एवं (रेडियो) वर्ष 2023 के शारीरिक दक्षता परीक्षण (फिजिकल) 30 सितम्बर, 1 अक्टूबर और 2 अक्टूबर, 2024 को होना निर्धारित था। पिछले कुछ दिनों से भारी बारिश से हुई असुविधा को देखते हुए, इन तिथियों को आगे बढ़ाते हुए 18, 19 एवं 20 नवंबर करने का निर्णय लिया गया है।

धान, ज्वार, बाजरा के लिये 1.95 लाख किसानों ने कराया पंजीयन

भोपाल, धान, ज्वार एवं बाजरा उपार्जन के लिये अभी तक 1.95 लाख किसानों ने पंजीयन कराया है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि समिति स्तरीय उपार्जन केन्द्र से ही अधिक से अधिक धान राइस मिलर्स को दी जायेगी। समय पर मिलिंग का कार्य होने से परिवहन और भण्डारण व्यय में भी बचत होगी।

भीतर के पृष्ठों पर

- **पिछला सप्ताह** - देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण
- **चर्चा में** - चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **खेल चर्चा** - प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी** - देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक हुई संपन्न

रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना में 3900 रुपये प्रति हेक्टेयर अतिरिक्त सहायता राशि की स्वीकृति

दमोह जिले के सिंग्रामपुर में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रिपरिषद की बैठक को संबोधित किया

दमोह, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में दमोह जिले के सिंग्रामपुर में वीरांगना रानी दुर्गावती के सम्मान में मंत्रिपरिषद की बैठक हुई। मंत्रि-परिषद ने रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना में अधिकतम 3900 रुपये प्रति हेक्टेयर अतिरिक्त सहायता राशि की स्वीकृति दी। मंत्रिपरिषद ने योजना वर्ष 2024-25 अंतर्गत गठित महासंघ द्वारा क्रय कोदो-कुटकी पर किसानों को भुगतान किये गये न्यूनतम क्रय मूल्य के अतिरिक्त यह सहायता राशि किसानों के खाते में दिये जाने का निर्णय लिया।

जीरो प्रतिशत ब्याज पर फसल ऋण मंजूर

मंत्रिपरिषद ने निर्णय लिया कि सहकारी बैंकों के माध्यम से वर्ष 2024-25 में शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर कृषकों को अल्पावधि फसल ऋण दिये जाने की योजना निरन्तर जारी रहेगी।

जैन कल्याण बोर्ड के गठन का निर्णय

मंत्रिपरिषद ने मध्यप्रदेश जैन कल्याण बोर्ड के गठन का निर्णय लिया है। देश में अपने प्रकार का यह पहला कार्य है। बोर्ड में एक अध्यक्ष एवं दो सदस्य होंगे। बोर्ड के गठन से जैन समाज के लिए शासन की कल्याणकारी, जनहितकारी योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन होगा। बोर्ड में 2 वर्ष श्वेतांबर और 2 वर्ष दिगम्बर समाज के कार्यकाल को निर्धारित किया जाएगा।

समिति के गठन को मिली स्वीकृति

मंत्रिपरिषद ने मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में रानी दुर्गावती स्मारक एवं उद्यान को विकसित करने के लिए समिति के गठन की स्वीकृति दी। जबलपुर में स्थित मदन महल पहाड़ी के 24 एकड़ क्षेत्र को लगभग 100 करोड़ रुपये की लागत से रानी दुर्गावती स्मारक एवं उद्यान के रूप में विकसित किए जाने की योजना है। इसमें रानी दुर्गावती की कांस्य प्रतिमा, ओपन एयर थिएटर, कला और शिल्प जोन, स्थानीय भोजन वाला फूड जोन, जल-संरक्षण संरचनाएं, कैफेटेरिया एवं फिल्म निर्माण पर समिति द्वारा निर्णय लिये जायेंगे।

बैठक में यह निर्णय भी हुए

मंत्रिपरिषद ने पूर्ववर्ती चिकित्सा शिक्षा विभाग तथा लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के विलय से दोनों विभागों के अन्तर्गत संचालित नर्सिंग महाविद्यालयों में शैक्षणिक एकरूपता पर सहमति दी। इसके लिए स्वशासी नर्सिंग प्रशिक्षण संस्थानों को शासकीय नर्सिंग प्रशिक्षण संस्थान में परिवर्तित किया जाकर स्वशासी नर्सिंग महाविद्यालय के लिए पूर्व से स्वीकृत सभी 428 पदों को लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के सेवा भर्ती नियम अंतर्गत प्रशासित किया जाएगा।

सबकी योजना-सबका विकास का उद्देश्य हर गांव-हर पंचायत को मुख्य धारा में लाना है

भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय द्वारा गांधी जयंती से देश की सभी पंचायतों में आरंभ किए गए। 'सबकी योजना-सबका विकास' अभियान में ग्रामवासियों से अधिक से अधिक संख्या में सक्रियता के साथ भाग लेने का आह्वान किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायतें हमारे लोकतंत्र व्यवस्था की जमीनी और सशक्त इकाई हैं। ग्राम स्वराज की अवधारणा को जमीन पर उतारने और गांव के सुनिश्चित विकास में पंचायतों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री की पहल पर आरंभ 'सबकी योजना-सबका विकास' राष्ट्रीय अभियान का उद्देश्य हर गांव-हर पंचायत को विकास की मुख्य धारा में लाना है।

समग्र विकास के अवसर मिलने वाले हैं

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश के हर गांव को इस अभियान के माध्यम से समग्र विकास के अवसर मिलने वाले हैं। अभियान में हर पंचायत को जनभागीदारी के साथ अपनी ग्राम पंचायत की विकास योजना तैयार करना है। यह योजना गांव में समावेशी विकास का मॉडल बनेगी। अभियान में गरीबी उन्मूलन, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

गैर बासमती चावल पर प्रतिबंध हटाने से प्रदेश के किसानों, निर्यातकों की आय में होगी वृद्धि

भोपाल, केंद्र सरकार के गैर-बासमती चावल के निर्यात पर से प्रतिबंध हटाने का निर्णय देश के चावल उत्पादकों को भरपूर राहत देने वाला साबित होगा। मध्यप्रदेश के चावल उत्पादक किसानों को लाभ होगा। पिछले 10 सालों में 2015 से वर्ष 2024 तक 12,706 करोड़ रुपये का चावल निर्यात हुआ है। सबसे ज्यादा 3634 करोड़ रुपये का चावल इसी साल निर्यात हुआ है। उल्लेखनीय है कि वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत विदेश व्यापार महानिदेशालय की 28 सितंबर को जारी अधिसूचना के अनुसार गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात के लिए 490 डॉलर प्रति टन का न्यूनतम निर्यात मूल्य निर्धारित किया गया है। इसके अतिरिक्त, पारबॉइल्ड और ब्राउन चावल पर निर्यात शुल्क को 20 से घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया गया। इससे किसानों को अंतर्राष्ट्रीय बाजार में और ज्यादा लाभ मिल सकेगा।

बाजार में अपनी पहचान स्थापित करने में मिलेगी मदद

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस फैसले की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में कृषि निर्यात में सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक निर्णय है, जो देश और मध्यप्रदेश के किसानों को अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अपनी पहचान स्थापित करने में मदद करेगा। केन्द्र सरकार के इस फैसले का लाभ मध्यप्रदेश के चावल उत्पादक क्षेत्रों के किसानों को होगा।

राज्य के प्रमुख चावल उत्पादन क्षेत्रों में जबलपुर, मंडला, बालाघाट और सिवनी शामिल हैं। ये अपनी उच्च गुणवत्ता वाले जैविक और सुगंधित चावल के लिए प्रसिद्ध हैं। इनमें मंडला और डिंडोरी के जनजातीय क्षेत्रों का सुगंधित चावल और बालाघाट के चिन्नौर चावल को जीआई टैग प्राप्त है।

विकसित मध्यप्रदेश के लिये टीम भावना के साथ कार्य करें - मुख्य सचिव

भोपाल, नवागत मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन ने पदभार ग्रहण करने के साथ मंत्रालय में विकसित मध्यप्रदेश के रोडमैप को लेकर अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव एवं सचिवों के साथ पहली बैठक की। मुख्य सचिव श्री जैन ने बैठक में सभी अधिकारियों से टीम भावना के साथ कार्य करने की अपेक्षा की।

मुख्य सचिव ने अधिकारियों से कहा कि राज्य की आय बढ़ाने के लिए अन्य साधन एवं स्रोत भी तलाशें। उन्होंने अधिकारियों को तकनीकी और अपने सेक्टर में हो रहे नवाचारों से निरंतर अवगत रहने की जरूरत बतायी। बैठक में मुख्य सचिव ने अधिकारियों से प्रदेश में केंद्र तथा राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। साथ ही योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं और समाधान के उपायों को लेकर भी चर्चा की। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश में योजना बनाने के पूर्व विस्तृत

विचार-विमर्श किया जाये तथा शासन से निर्णय हो जाने पर उसका क्रियान्वयन बेहतर तरीके से किया जाये जिससे बेहतर परिणाम प्राप्त हो सकें।

अधिकारियों ने दी जानकारी

बैठक में कृषि उत्पादन आयुक्त श्री मोहम्मद सुलेमान ने उद्यानिकी फसलों में प्रसंस्करण की पॉलिसी बनाने संबंधी सुझाव दिये। अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा ने जल संसाधन और नर्मदा घाटी विकास विभाग की योजनाओं एवं क्रियान्वयन के बारे में जानकारी दी। मुख्य सचिव ने अधिकारियों से कहा कि प्रदेश के विकास के लिए भारत सरकार के विभागीय अधिकारियों से सतत संपर्क कर योजनाओं को आगे बढ़ाएं। उन्होंने सभी अधिकारियों से अपने विभागों का डाटा-बेस बनाने को कहा जिससे मास्टर डाटाबेस बनाया जा सके।

28 सितम्बर

ब्रह्मोस एयरोस्पेस अग्निवीरों को देगी आरक्षण

● भारत-रूस की संयुक्त कंपनी ब्रह्मोस एयरोस्पेस पूर्व अग्निवीरों को नौकरी में आरक्षण देगी। यह कंपनी ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल बनाती है। इस प्रकार का आरक्षण देने वाली यह डिफेंस सेक्टर की पहली कंपनी है। ब्रह्मोस द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, टेक्निकल और जनरल एडमिनिस्ट्रेशन में 15 प्रतिशत, एडमिनिस्ट्रेशन और सिक्युरिटी पदों में 50 प्रतिशत नौकरी अग्निवीरों को दी जाएंगी।

29 सितम्बर

एआईबीई परीक्षा के आवेदन 25 अक्टूबर तक

● ऑल इंडिया बार एग्जाम (एआईबीई) के लिए बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) के द्वारा रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके लिए ऑनलाइन फॉर्म भरने की अंतिम तारीख 25 अक्टूबर और फीस जमा करने की अंतिम तारीख 28 अक्टूबर है। परीक्षा में शामिल होने के लिए अभ्यर्थी को बार काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से लॉ में यूजी (3 वर्षीय एलएलबी, 5 वर्षीय एलएलबी) पास होना चाहिए। इस परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड 18 नवम्बर को जारी किए जाएंगे। यह परीक्षा 24 नवम्बर को होगी।

● फेसबुक की पैरेंट कंपनी मेटा पर यूजर्स के पासवर्ड से संबंधित सुरक्षा चूक के मामले में यूरोपीय संघ ने 800 करोड़ रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया है। इस मामले में जांच वर्ष 2019 में शुरू हुई थी। मेटा ने सूचित किया था कि कुछ पासवर्ड को बिना एन्क्रिप्शन के सेव किया गया था और मेटा के कर्मचारी इन्हें देख सकते थे। कमीशन के उपायुक्त ग्राहम डॉयल ने कहा कि उपयोगकर्ता के पासवर्ड को साधारण टेक्स्ट में नहीं रखना चाहिए, क्योंकि इससे दुरुपयोग का खतरा रहता है। मेटा का कहना है कि ये अनजाने में हुआ था और इस त्रुटि को तुरंत ठीक करने के लिए कार्रवाई भी की गई।

30 सितम्बर

स्नातक कोर्सों के साथ अनिवार्य है पर्यावरण की शिक्षा : यूजीसी

● स्नातक की पढ़ाई करने वाले प्रत्येक छात्र को अब अनिवार्य रूप से पर्यावरण की शिक्षा दी जाएगी। जिसमें उन्हें पर्यावरण से जुड़े खतरों के प्रति सचेत करने के साथ पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली अपनाने की शिक्षा भी दी जाएगी। पर्यावरण की शिक्षा पूरी करने पर उन्हें चार अतिरिक्त क्रेडिट अंक भी मिलेंगे। आयोग ने इसके साथ ही स्नातक स्तर के लिए तैयार की गई पर्यावरण शिक्षा का पाठ्यक्रम भी जारी किया है। इसमें मानव तथा पर्यावरण के बीच तालमेल के साथ पर्यावरण से जुड़े स्थानीय मुद्दे, प्रदूषण और उसके खतरे, उससे जुड़े कानून जैसी विषयवस्तु को रखा गया है।

● इजराइल ने यमन पर बड़ा हमला किया। इजराइल ने यमन में हूती ठिकानों पर ताबड़तोड़ बमबारी और रॉकेट बरसाकर 12 जेट, पावर प्लांट और होदियाह शहर का बंदरगाह नष्ट किया। इजराइली हमले में चार हूती विद्रोहियों की मौत हो गई जबकि 50 से ज्यादा हूती विद्रोही घायल हो गए। उधर, इजराइल ने लेबनान के कई शहरों में रॉकेट दागे और बम बरसाए। हमले में हिजबुल्ला सेंट्रल काउंसिल का डिप्टी हेड नबील काउक मारा गया। लेबनान में हिजबुल्ला चीफ हसन नसरल्ला का शव बरामद कर लिया गया।

1 अक्टूबर

आयुष्मान भारत कार्ड की तर्ज पर बनेगा आयुष का प्रकृति कार्ड

● केंद्रीय आयुष मंत्रालय ने एक अक्टूबर से देशभर में प्रकृति परीक्षण अभियान आरंभ

किया। एलोपैथी में जिस तरह आयुष्मान भारत आईडी होती है, उसी तर्ज पर आयुष विभाग अब लोगों का प्रकृति कार्ड बनाएगा। इसके तहत आयुष कॉलेज और स्वास्थ्य केंद्रों में आयुष ग्रेजुएट्स नागरिकों से उनकी लंबाई, वजन, खाने और सोने की आदतों से जुड़ी जानकारी लेकर प्रकृति का निर्धारण करेंगे। इस प्रक्रिया के तहत मोबाइल नंबर को एप पर रजिस्टर किया जाएगा, रजिस्टर करने के बाद ओटीपी से कार्ड को सक्रिय किया जाएगा।

● अमेरिका के द्वारा पर्यटकों, कुशल श्रमिकों और छात्रों सहित भारतीय यात्रियों के लिए अतिरिक्त 2 लाख 50 हजार वीजा दिए जाएंगे। भारत में अमेरिकी दूतावास की ओर से कहा गया कि हाल ही में जारी नए स्लाट से लाखों भारतीय आवेदकों को समय पर साक्षात्कार में मदद मिलेगी, जिससे यात्रा में उन्हें आसानी होगी।

2 अक्टूबर

इलेक्ट्रिक व्हीकल को बढ़ावा देने के लिए पीएम ई-ड्राइव सब्सिडी योजना शुरू

● केंद्र सरकार ने देश में इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) को बढ़ावा देने के लिए पीएम ई-ड्राइव योजना शुरू की है। इस योजना का

उद्देश्य भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों को तेजी से अपनाने, चार्जिंग और इंफ्रास्ट्रक्चर की स्थापना करना तथा ईवी मैन्युफैक्चरिंग ईको सिस्टम का विकास करना है। यह योजना एक अक्टूबर 2024 से 31 मार्च, 2026 तक के लिए लागू की जा रही है। इस योजना पर लगभग 10 हजार 900 करोड़ रुपये व्यय होंगे। इस योजना के तहत दोपहिया इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए सब्सिडी बैटरी पावर के आधार पर 5 हजार रुपये प्रति किलोवॉट घंटा तय की गई है। योजना के दूसरे वर्ष में यह सब्सिडी को आधा करके 2500 रुपये प्रति किलोवॉट घंटा किया जाएगा।

● ब्रिटेन का आखिरी कोयला आधारित बिजली प्लांट अब पूरी तरह बंद हो गया है। इसके साथ ही ब्रिटेन में औद्योगिक क्रांति को जन्म देने वाली कोयला विद्युत की 142 वर्ष पुरानी व्यवस्था समाप्त हो गई है। मध्य इंग्लैंड स्थित रैटक्लिफ ऑन सोर स्टेशन बंद हो गया है।

3 अक्टूबर

फ्रांस ने राफेल मरीन जेट की कीमत घटाई

● भारत और फ्रांस के बीच 26 राफेल मरीन जेट की डील लगभग फाइनल हो

गई है। फ्रांस ने डील को लेकर भारत को फाइनल ऑफर दिया है। इस डील के लिए फ्रांस ने राफेल मरीन जेट की कीमत घटाई है। हालांकि इस जेट की फाइनल कीमत क्या होगी, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। माना जा रहा है कि राफेल मरीन डील की कीमत लगभग 50 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा हो सकती है। इस डील के तहत 22 सिंगल सीटर और 4 डबल ट्रेनर सीट वाले राफेल मरीन विमान खरीदे जाएंगे। हिंद महासागर में चीन के मुकाबले के लिए इन विमानों को आईएनएस विक्रांत पर तैनात किया जाएगा।

● भारत को जल्द ही हाइड्रोजन से चलने वाली ट्रेन मिल सकती है। भारतीय रेलवे ने मौजूदा डीजल इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट (डेमू) ट्रेनों में हाइड्रोजन फ्यूल सेल्स लगाने के पायलट प्रोजेक्ट को मंजूरी प्रदान की है। एक रिपोर्ट के अनुसार भारत की पहली हाइड्रोजन फ्यूल वाली ट्रेन का प्रोटोटाइप दिसंबर 2024 में हरियाणा के जींद-सोनीपत सेक्शन में चलाया जाएगा। यह इस ट्रेन का पहला ट्रायल रन होगा। इस प्रोटोटाइप ट्रेन पर चेन्नई की इंटीग्रल कोच फैक्ट्री में काम किया जा रहा है।

4 अक्टूबर

गुजरात के बनासकांठा में बनेगा वायुसेना का नया स्टेशन

● केंद्र सरकार ने गुजरात के बनासकांठा जिले के डीसा शहर में भारतीय वायुसेना का नया स्टेशन बनाने की मंजूरी दी है। यह स्टेशन पाकिस्तान की सीमा से सिर्फ 130 किलोमीटर की दूरी पर है। डीसा वायुसेना स्टेशन भुज एयरबेस और राजस्थान स्थित उत्तरलाई एयरबेस के बीच लंबी दूरी को कम करेगा। पाकिस्तान की सीमा के नजदीक होने से यह एयरबेस सामरिक रूप से महत्वपूर्ण है। इसकी स्थापना से पश्चिमी सीमा पर भारतीय वायुसेना की क्षमता पाकिस्तान के मुकाबले कई गुना बढ़ जाएगी।

● देश के सार्वजनिक क्षेत्र का सबसे बड़ा बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) मौजूदा

वित्त वर्ष में 600 नई शाखाएं खोलेगा। एसबीआई के चेयरमैन सी.एस. शेट्टी ने बताया कि एसबीआई आवासीय टाउनशिप सहित उभरते क्षेत्रों में कारोबार के अवसरों का लाभ उठाने के लिए देशभर में 600 नई शाखाएं खोलेगा।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित
फोटो : गूगल से साभार)


"विश्वस्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त कर बनाएं बेहतर भविष्य..."
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
संत शिरोमणि रविदास
शासकीय ग्लोबल स्किल्स पार्क
(मध्यप्रदेश शासन का उत्कृष्ट संस्थान)
एक वर्षीय पाठ्यक्रम सत्र 2024
जल्दी करें, सीमित सीटें शेष
प्रवेश पहले आओ पहले पाओ के आधार पर
अंतिम तिथि 13 अक्टूबर 2024
✓ राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रोजगार के लिए सहायता
पूर्व से संचालित कोर्स में 98% प्लेसमेंट
✓ सीमित छात्रावास की सुविधा उपलब्ध है
• एडवांस्ड ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी
• एडवांस्ड इलेक्ट्रिकल टेक्नोलॉजी (पावर & कंट्रोल)
• एडवांस्ड इलेक्ट्रॉनिक टेक्नोलॉजी (मोबाइल डिवाइस एंड IoT)
• एडवांस्ड मैकेनिकल एंड इलेक्ट्रिकल सर्विसेस
• एडवांस्ड एयर-कंडीशनिंग एंड रेफ्रिजरेशन
• एडवांस्ड नेटवर्किंग एंड सिस्टम्स एडमिनिस्ट्रेशन
• एडवांस्ड मैकेनिकल टेक्नोलॉजी
• एडवांस्ड मेकाट्रॉनिक्स टेक्नोलॉजी
• एडवांस्ड प्रिसीजन इंजीनियरिंग
www.globalskillspark.in
admission.gsp@mp.gov.in
9713992665 | 9893346258 | 9981919733
संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल्स पार्क
हज़रत निज़ामुद्दीन कॉलोनी रोड, नरेला शंकरी, भोपाल (म. प्र.)
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
आकल्पन : मध्यप्रदेश माध्यम/2024
D-11072/R-50114/2024

वर्ष 41, अंक 41 07.10.2024 से 13.10.2024

रोज़गार और निर्माण

www rojgaraurnirman.in

- प्रबंध संचालक - डॉ. सुदाम खाड़े
- सम्पादक - रंजना चितले
- प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
- प्रबंधक - सुभाष चन्द्र जोशी (मुद्रण)
- आकल्पन - अरविन्द टोप्पो
- वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com**
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। इनसे सम्पादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

मिशन शक्ति के तहत अभिनव पहल है 'हब फॉर एम्पॉवरमेंट ऑफ वूमन'

मध्यप्रदेश सरकार महिला सशक्तिकरण के लिये प्रतिबद्ध है। प्रदेश में महिला सशक्तिकरण के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 'हब फॉर एम्पॉवरमेंट ऑफ वूमन' संचालित किए जा रहे हैं। इसका उद्देश्य महिलाओं को सशक्तिकरण और विकास के लिए संस्थागत व्यवस्थाओं से जोड़ना है। मिशन शक्ति की उप योजना सामर्थ्य योजना के तहत महिलाओं को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जरूरी जानकारी दी जाती है। साथ ही महिलाओं को शासकीय योजनाओं और सुविधाओं का लाभ लेने में भी मदद की जाती है। कामकाजी महिलाओं के लिए सुरक्षा भी प्रदान की जाती है। महिलाओं को स्वास्थ्य, शिक्षा, कॅरियर और व्यावसायिक परामर्श और प्रशिक्षण से जोड़ा जाता है। महिलाओं को वित्तीय समावेश और उद्यमिता के क्षेत्र में भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। राज्य स्तर पर 'हब फॉर एम्पॉवरमेंट ऑफ वूमन' की स्थापना की गई है। इसमें एक राज्य मिशन समन्वयक, दो जेंडर विशेषज्ञ, दो अनुसंधान एवं प्रशिक्षण विशेषज्ञ, एक लेखा सहायक, एक कार्यालय सहायक और एक मल्टी टास्किंग स्टाफ के पदों का सृजन किया गया है। प्रदेश के 52 जिलों में जिला स्तरीय हब फॉर एम्पॉवरमेंट ऑफ वूमन की स्थापना की गई है। कुल 8 पद प्रति जिला स्वीकृत किए गए हैं जिसकी पूर्ति की कार्रवाई जारी है। राज्य स्तरीय हब फॉर एम्पॉवरमेंट ऑफ वूमन (एसएचईडब्ल्यू) नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करेगा। मिशन शक्ति योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति के बारे में राष्ट्रीय स्तर पर जानकारी देगा। एसएचईडब्ल्यू सूचना प्रसार और योजना डेटा के संकलन के लिए राज्य में नोडल के रूप में कार्य करेगा। इसके अतिरिक्त मिशन शक्ति के तहत गतिविधियों के प्रभावी क्रियान्वयन पर जिलाधिकारियों, एचईडब्ल्यू कर्मचारियों को प्रशिक्षण, महिला केंद्रित योजनाओं को लागू करने वाले विभागों के साथ समन्वय कर राज्य और जिला स्तर पर जागरूकता शिविर और नामांकन अभियोजन आयोजित कराने का कार्य किया जाएगा। एसएचईडब्ल्यू द्वारा जिला स्तर पर 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' के तहत गतिविधियों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना और जिला स्तर पर जागरूकता अभियानों के प्रसार के लिये IEC सामग्री तैयार करने का कार्य शामिल है। मिशन शक्ति जिला स्तरीय हब फॉर एम्पॉवरमेंट ऑफ वूमन महिलाओं को प्रभावित करने वाले मुद्दों के समाधान हेतु सिंगल विंडो सोल्यूशन के रूप में कार्य करेगा। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य, शिक्षा, माइक्रोफाइनेंस, आजीविका आदि जैसे विभिन्न क्षेत्रों में सर्वोत्तम प्रथाओं की पहचान एवं दस्तावेजीकरण कर प्रसार करेगा। डीएचईडब्ल्यू द्वारा 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' योजना के बारे में जागरूकता पैदा करना, विभिन्न विभागों द्वारा क्रियान्वित महिला केंद्रित योजनाओं तक पहुंच के लिये एकीकृत शिविर का आयोजन तथा महिलाओं के लिए योजनाओं और सुविधाओं की जानकारी का जमीनी स्तर पर अभियान, नुक्कड़ नाटकों, प्रभात फेरी, स्कूलों तथा कॉलेजों, महिला समूह और सामुदायिक बैठक के द्वारा प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

वर्तमान में जिला परियोजना एवं ग्राम स्तर पर 100 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान 'संकल्प' का आयोजन किया जा रहा है। अब तक सभी 52 जिलों में विभिन्न विषयों पर लगभग 1 लाख 18 हजार 594 इवेंट आयोजित किए गए, जिसमें 7-18 वर्ष आयु के 6 लाख 97 हजार 955 युवा, 18-55 वर्ष के 7 लाख 58 हजार और 55 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 2 लाख 51 हजार 41 लोगों ने भागीदारी की। सौ दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान में ढाई लाख से ज्यादा शासकीय अधिकारी-कर्मचारी, 10 हजार से ज्यादा जनप्रतिनिधि और लगभग 52 हजार पंचायत एवं स्थानीय निकायों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की।

इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन मॉड्यूल की खराबी हाईएस्ट लेवल रिस्क घोषित

नासा के वैज्ञानिक पिछले पांच वर्ष से इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन मॉड्यूल में आई खराबी का हल खोजने का प्रयास कर रहे हैं। अब वैज्ञानिकों के लिये यह समस्या इतनी बड़ी हो गई है कि उसे 'हाईएस्ट-लेवल रिस्क' घोषित करना पड़ा है। वैज्ञानिकों के मुताबिक स्पेस स्टेशन पर लगे एक छोटे रूसी पार्ट में तकनीकी खराबी आ गई है। यह पार्ट एक तरह की टनल में है जो बड़े मॉड्यूल को डॉकिंग पोर्ट से जोड़ती है। नासा के इंस्पेक्टर जनरल जॉर्ज ए.स्कॉट की रिपोर्ट के अनुसार मॉड्यूल में सितंबर 2019 से लीकेज की समस्या होने की जानकारी सामने आई है। फरवरी में नासा के वैज्ञानिकों को पता चला कि लीक की दर प्रतिदिन 1 पाउंड से बढ़कर 2.4 पाउंड प्रतिदिन हो गई थी तथा अप्रैल में यह दर 3.7 पाउंड प्रतिदिन तक पहुंच गई। स्कॉट की रिपोर्ट के अनुसार दोनों एजेंसियों ने इंटरनल और एक्सटर्नल वेल्ड पर फोकस किया है। नासा के अधिकारियों ने अब तक मॉड्यूल के हैच को बंद रखा है। अगर लीकेज की परेशानी और गंभीर होती है तो उन्हें हैच को स्थायी तौर पर बंद करना पड़ सकता है। रिपोर्ट कहती है कि लीक का खतरा अब उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। रूस की एजेंसी को भरोसा है कि वे लीक की दर को कोई परेशानी होने से पहले ही बंद करने में सफलता प्राप्त कर लेंगे।

- विकास तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े विषयों पर लेखन करते हैं)

इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक : डिजिटल बैंकिंग से सशक्त हो रहा हर घर

आजादी के वर्षों बाद तक लाखों लोग पारंपरिक बैंकिंग सेवाओं से वंचित रहे हैं। ऐसे लोगों को मुख्यधारा से जोड़ने और इनकी समस्याओं के समाधान हेतु प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 2018 में इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आईपीपीबी) की शुरुआत की। इसका मुख्य उद्देश्य हर नागरिक तक सुलभ और सस्ती बैंकिंग सेवाएं पहुंचाना था। खासकर उन क्षेत्रों में जहां बैंकिंग नेटवर्क सीमित या न के बराबर थे। अपनी शुरुआत के बाद से ही आईपीपीबी देश के वित्तीय समावेशन के सपने को साकार करने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित हुआ है। पिछले सात वर्षों में आईपीपीबी ने अपने अभिनव दृष्टिकोण और इंडिया पोस्ट के विशाल नेटवर्क का लाभ उठाते हुए बैंकिंग सेवाओं को गांव-गांव तक पहुंचाया है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की यह पहल न केवल आर्थिक सुधार की दिशा में उठाया गया कदम है, बल्कि यह वंचित और बैंकिंग सेवाओं से दूर रहे परिवारों को मुख्यधारा में लाने की कोशिश है। आईपीपीबी ने देशभर में लाखों लोगों को बैंकिंग से जोड़ा है और उन्हें वित्तीय रूप से सशक्त किया है।

नई सोच, नया प्रयास

इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आईपीपीबी) ने भारत में बैंकिंग सेवाओं को आम जनता के लिए सुलभ और सरल बनाने का एक अनूठा मॉडल अपनाया है। यह मॉडल पूरी तरह से इंडिया स्टैक के प्रमुख स्तंभों पर आधारित है, जिसके जरिए ग्राहकों को उनके घर तक बैंकिंग सेवाएं दी जा रही हैं, वह भी पूरी तरह से कागज रहित तरीकों से। इस अभिनव दृष्टिकोण ने न केवल बैंकिंग को सुरक्षित बनाया है, बल्कि इसे अत्यधिक सुलभ और सरल भी बना दिया है। इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक ने न केवल पारंपरिक बैंकिंग के दायरे को बढ़ाया, बल्कि इसे घर-घर तक पहुंचाया। इस नई सोच का सीधा लाभ उन ग्रामीण और दूर-दराज के क्षेत्रों को हुआ, जहां बैंकिंग सेवाएं पहले से उपलब्ध नहीं थीं। इंडिया पोस्ट के विशाल डाक नेटवर्क का उपयोग कर आईपीपीबी ने डिजिटल बैंकिंग को आम आदमी के दरवाजे तक पहुंचाने का काम किया है। आईपीपीबी का मुख्य लक्ष्य बैंकिंग को डिजिटल बनाकर लोगों के जीवन को आसान बनाना है। इसके अंतर्गत सभी नागरिकों को सुलभ, सस्ती और भरोसेमंद बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। डिजिटल बैंकिंग के जरिए अब लोगों को पैसे जमा करने, निकालने, ट्रांसफर करने, बिल भुगतान जैसी सुविधाएं मिल रही हैं। यह सब मोबाइल और अन्य डिजिटल माध्यमों से संभव हुआ है।

आम आदमी का बैंक

आईपीपीबी को स्थापित करने का मूल उद्देश्य भारत में आम आदमी के लिए सबसे सुलभ, किफायती और भरोसेमंद बैंकिंग सेवा उपलब्ध कराना था। ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए बैंक तक पहुंचने की कठिनाई, सीमित सेवाएं और लंबी प्रक्रिया जैसी बैंकिंग चुनौतियां हमेशा से रही हैं। आईपीपीबी ने इन बाधाओं को दूर करते हुए लोगों को उनके दरवाजे पर बैंकिंग सेवाएं मुहैया कराने का काम किया है। यह बैंकिंग की दुनिया में एक नई क्रांति है, जहां हर व्यक्ति को बैंकिंग की पहुंच में लाया जा रहा है। आईपीपीबी का सबसे बड़ा उद्देश्य उन लोगों तक बैंकिंग सेवाएं पहुंचाना है, जिन्हें अब तक बैंकिंग नेटवर्क से बाहर रखा गया था। डिजिटल बैंकिंग सेवाओं के माध्यम से यह बैंकिंग प्रक्रिया को न केवल सरल बनाता है, बल्कि ग्राहकों को सस्ती और भरोसेमंद सेवाएं प्रदान करता है। अब लोग आसानी से पैसे जमा कर सकते हैं, निकासी कर सकते हैं, पैसे ट्रांसफर कर सकते हैं, बिल का भुगतान कर सकते हैं, और कई अन्य सेवाओं का लाभ अपने घर बैठे या नजदीकी डाकघर से उठा सकते हैं।

डाकघरों का विशाल नेटवर्क

आईपीपीबी ने इंडिया पोस्ट के 1,61,000 से अधिक डाकघरों और 1,90,000 डाक कर्मचारियों के नेटवर्क का उपयोग करते हुए देशभर में वित्तीय समावेशन की खाई को पाटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। डाकघरों का यह व्यापक नेटवर्क उन ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों तक पहुंचने का एक मजबूत साधन बना, जहां पारंपरिक बैंकिंग सेवाओं की कमी थी। अब गांव के लोगों को बैंक जाने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि बैंकिंग सेवाएं खुद उनके दरवाजे तक पहुंच रही हैं। आईपीपीबी का लक्ष्य सिर्फ बैंकिंग सेवाएं मुहैया कराना ही नहीं है, बल्कि हर घर को वित्तीय रूप से सशक्त बनाकर देश के सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान देना भी है। ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोग अब बैंकिंग सेवाओं का इस्तेमाल कर अपने छोटे-मोटे व्यवसायों को बढ़ावा दे रहे हैं, बचत कर रहे हैं और जरूरत पड़ने पर आसानी से पैसे ट्रांसफर कर पा रहे हैं। यह वित्तीय समावेशन न केवल व्यक्तिगत स्तर पर लाभदायक साबित हो रहा है, बल्कि इससे पूरे देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिल रही है।

9.88 करोड़ से अधिक खाते

आईपीपीबी ने देशभर में 9.88 करोड़ से ज़्यादा ग्राहकों के खाते खोले हैं। इससे यह साफ होता है कि बैंक ने उन लोगों को भी बैंकिंग सेवाओं से जोड़ा है, जो पारंपरिक बैंकिंग नेटवर्क से बाहर थे। इन खातों के जरिए लोगों को न केवल बचत की सुविधा मिली, बल्कि कई अन्य डिजिटल सेवाओं तक भी उनकी पहुंच बनी। आईपीपीबी ने छोटे और बड़े व्यापारियों को जोड़कर एक व्यापक नेटवर्क तैयार किया है। 12 लाख से ज़्यादा व्यापारियों को जोड़कर बैंक ने उन्हें डिजिटल भुगतान के माध्यम से व्यापार में पारदर्शिता और सरलता प्रदान की है। अब व्यापारी डिजिटल माध्यमों से लेन-देन कर सकते हैं, जिससे उनके व्यवसाय में तेजी आई है। आईपीपीबी ने विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत 45,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (DBT) के माध्यम से सफलतापूर्वक वितरित किया है। इससे यह सुनिश्चित हुआ कि सरकारी योजनाओं के लाभ सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में पहुंचें, जिससे भ्रष्टाचार की संभावनाएं कम हुईं और पारदर्शिता बढ़ी। देशभर में 7.10 करोड़ से ज़्यादा ग्राहकों को अपने आधार कार्ड के साथ मोबाइल नंबर अपडेट करने की सुविधा दी गई है। यह सुविधा ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष रूप से लाभकारी रही, जहां लोगों को आधार सेवाओं के लिए अक्सर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। आईपीपीबी ने 20 लाख से ज़्यादा पेंशनभोगियों को डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र सेवाएं प्रदान की हैं। इससे पेंशनधारकों को हर साल अपने प्रमाण पत्र जमा कराने के लिए बैंकों में लाइन में लगने की आवश्यकता खत्म हो गई। अब वे डिजिटल माध्यम से यह प्रमाणपत्र जमा कर सकते हैं, जिससे उनके समय और संसाधन दोनों की बचत होती है। आईपीपीबी की ये उपलब्धियां केवल बैंकिंग सेवाओं तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह समाज में एक व्यापक परिवर्तन का संकेत देती हैं। डिजिटल बैंकिंग सेवाओं को गांव-गांव तक पहुंचाकर, आईपीपीबी ने न केवल वित्तीय समावेशन को सशक्त किया है, बल्कि देश के आर्थिक विकास में भी अपना योगदान दिया है।

13 भाषाओं में सुविधा

आईपीपीबी का संचालन मॉडल इंडिया स्टैक के मुख्य स्तंभों सीबीएस-एकीकृत स्मार्टफोन और बायोमेट्रिक डिवाइस पर आधारित है। इन तकनीकों के माध्यम से ग्राहकों को उनके घर पर ही बैंकिंग सेवाएं प्रदान की जाती हैं। यह न केवल बैंकिंग प्रक्रिया को तेज और सुरक्षित बनाता है, बल्कि ग्राहकों को पेपरलेस, कैशलेस और फेसलेस बैंकिंग का लाभ भी मिलता है। इस मॉडल ने ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में ग्राहकों को अत्यधिक सुविधा प्रदान की है, जहां परंपरागत बैंकिंग सेवाएं सीमित या जटिल होती थीं। आईपीपीबी ने किफायती नवाचार को अपनाते हुए बैंकिंग को आम जनता के लिए सरल और सुलभ बनाया है। यह बैंक अपने सहज इंटरफेस के जरिए 13 भाषाओं में उपलब्ध है और ग्राहकों को उनकी भाषा में सेवा प्रदान करता है। इस नवाचार ने उन लोगों को भी डिजिटल बैंकिंग से जोड़ा है, जो पहले इसे समझने में कठिनाई महसूस करते थे। आईपीपीबी का उद्देश्य सभी को बैंकिंग सेवाओं से जोड़ना है, चाहे वह किसी भी क्षेत्र या भाषा से संबंधित हो।

अभियान है आईपीपीबी

इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आईपीपीबी) ने 1 सितंबर 2018 में अपनी स्थापना के बाद से देश के बैंकिंग परिदृश्य को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों तक डिजिटल बैंकिंग सेवाएं पहुंचाकर, आईपीपीबी ने वित्तीय समावेशन के लक्ष्य को साकार किया है। इसके साथ ही आईपीपीबी ने अपने ग्राहकों के लिए कई ऐसी सेवाओं की शुरुआत की है, जो न केवल बैंकिंग को आसान बनाती हैं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक विकास में भी योगदान देती हैं। आईपीपीबी की ये उपलब्धियां इसके भविष्य की संभावनाओं को और भी उज्ज्वल बनाती हैं। बैंक लगातार नई तकनीकों और सेवाओं को अपनाकर ग्राहकों के लिए बेहतर सेवाएं ला रहे हैं। इसके जरिए न केवल हर नागरिक को बैंकिंग सेवाओं से जोड़ा जा रहा है, बल्कि उन्हें डिजिटल रूप से भी सशक्त किया जा रहा है। इस प्रकार इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक ने देश के वित्तीय और डिजिटल परिदृश्य को एक नई दिशा दी है। यह केवल एक बैंक नहीं, बल्कि एक अभियान है, जो हर घर को सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

निशा त्यागी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं और सम-सामयिक मुद्दों पर लेखन करती हैं)

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग इंदौर

सहायक प्राध्यापक (हिन्दी) परीक्षा-2022 दिनांक 09.06.2024 (रविवार) परीक्षा परिणाम

विज्ञप्ति क्र.-8534/28/2024/अनु.-10 **इंदौर, दिनांक : 25.09.2024**

01. विज्ञापन क्रमांक-28/2022/30.12.2022, ऑनलाइन आवेदन अंतिम तिथि 31.03.2023।

(1)	विज्ञप्ति क्रमांक-12638/2022/अनु.-06 दिनांक 05.01.2023 (विज्ञापन के संबंध में केविएट याचिका दायर किए जाने के संबंध में)।
(2)	शुद्धि पत्र क्रमांक-01/16/2022 से 53/2022, दिनांक 10.01.2023 (सहायक प्राध्यापक, ग्रंथपाल एवं क्रीड़ा अधिकारी के विभिन्न विज्ञापनों के संबंध में ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि में संशोधन)।
(3)	विज्ञप्ति क्रमांक-1254/2023/प.-9 दिनांक 16.03.2023 (सहायक प्राध्यापक परीक्षा-2022 की परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम)।
(4)	शुद्धि पत्र क्रमांक-03/16/2022 से 53/2022, दिनांक 25.07.2023 (सहायक प्राध्यापक, ग्रंथपाल एवं क्रीड़ा अधिकारी के विभिन्न विज्ञापनों के संबंध में ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि में संशोधन)।
(5)	शुद्धि पत्र क्रमांक-04/28/2022, दिनांक 24.11.2023 (सहायक प्राध्यापक हिन्दी हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया पुनः प्रारंभ करने संबंधी)।
(6)	सूचना पत्र क्रमांक-01/28/2022, दिनांक 22.12.2022 (सहायक प्राध्यापक हिन्दी हेतु परीक्षा आयोजन की सूचना)।
(7)	विज्ञप्ति क्रमांक-3016/2024/प.नि. दिनांक 13.01.2024 (सहायक प्राध्यापक, ग्रंथपाल एवं क्रीड़ा अधिकारी परीक्षा-2022 तिथि परिवर्तन के संबंध में)।
(8)	विज्ञप्ति क्रमांक-3139/पेड/2024/प.-9, दिनांक 27.02.2024 (सहायक प्राध्यापक, ग्रंथपाल एवं क्रीड़ा अधिकारी परीक्षा-2022 को आयोजित परीक्षा के स्थगन के संबंध में)।
(9)	शुद्धि पत्र क्रमांक-07/16-53/2022 दिनांक 28.03.2024 (सहायक प्राध्यापक परीक्षा-2022 (समस्त विज्ञापित विषयों हेतु) एवं ग्रंथपाल एवं क्रीड़ा अधिकारी के पदों के लिए अतिथि विद्वानों को आयु सीमा में अधिकतम 10 वर्ष की छूट प्रदान किए जाने एवं समस्त अभ्यर्थियों हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया पुनः प्रारंभ करने विषयक।
(10)	शुद्धि पत्र क्रमांक-08/16-53/2022 दिनांक 12.04.2024 (संशोधित तिथि विन्यास) (सहायक प्राध्यापक परीक्षा-2022 (समस्त विज्ञापित विषयों हेतु) एवं ग्रंथपाल एवं क्रीड़ा अधिकारी के पदों के लिए अतिथि विद्वानों को आयु सीमा में अधिकतम 10 वर्ष की छूट प्रदान किए जाने एवं समस्त अभ्यर्थियों हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया पुनः प्रारंभ करने विषयक।
(11)	शुद्धि पत्र क्रमांक-09/16-53/2022 दिनांक 27.05.2024 (सहायक प्राध्यापक परीक्षा-2022 परीक्षा आयोजन की सूचना संबंधी)।
(12)	शुद्धि पत्र क्रमांक-02/16/2022 से 51/2022 दिनांक 15.03.2023 (अर्हकारी अंकों में 5 प्रतिशत अंकों की छूट के संदर्भ में)।
(13)	शुद्धि पत्र क्रमांक-11/28/2022 दिनांक 10.09.2024 (सहायक प्राध्यापक हिन्दी परीक्षा-2022 विज्ञापित पदों हेतु मुख्य एवं प्रावधिक भाग की जानकारी)।

02. उपरोक्त विज्ञापन के अंतर्गत **सहायक प्राध्यापक (हिन्दी) परीक्षा-2022** जिला मुख्यालय इंदौर, भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर, मुरैना, रीवा, सागर, शहडोल एवं उज्जैन के केन्द्रों पर दिनांक 09.06.2024 (रविवार) को दो सत्रों में प्रथम प्रश्न पत्र सामान्य अध्ययन प्रातः 10.00 से 11.00 बजे तक एवं द्वितीय प्रश्न पत्र हिन्दी दोपहर 01.00 से 04.00 बजे तक आयोजित की गई थी।

03. उपरोक्तानुसार जारी विज्ञापन एवं शुद्धि पत्रों के माध्यम से विज्ञापित पदों की कुल संख्या निम्नानुसार है :–

श्रेणीवार/वर्गवार कुल विज्ञापित

क्र.	विवरण	UR	SC	ST	OBC	EWS	TOTAL
(अ)	कुल रिक्तियों की संख्या (TOTAL POST)	68	12	7	20	9	116
(ब)	कुल रिक्तियों में से महिलाओं के लिए आरक्षित रिक्तियों की संख्या (FEMALE)	22	4	2	7	3	38
(स)	कुल रिक्तियों में से भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित रिक्तियों की संख्या (Exser)	-	-	-	-	-	-
(द)	कुल रिक्तियों में से दिव्यांगजन हेतु आरक्षित पद रिक्तियों की संख्या (PH)	LD (OH)-1, HH-1					2

04. राज्य सेवा परीक्षा-2019 के संबंध में माननीय उच्च न्यायालयों में लंबित याचिकाओं के अंतरिम आदेशों के परिप्रेक्ष्य में एवं सामान्य प्रशासन विभाग, म.प्र. भोपाल के ''पत्र क्रमांक-एफ 07-46/2021/आ.प्र./एक, भोपाल, दिनांक 29 सितंबर 2022'' के प्रकाश में विज्ञापित विज्ञापन क्रमांक-28/2022/30.12.2022 में मुख्य एवं प्रावधिक भाग के विज्ञापित पदों के अनुसार आयोग द्वारा बैठक दिनांक 10.07.2023 के निर्णय क्र.-55 में उल्लेखित प्रक्रिया का पालन करते हुए उपरोक्त परीक्षा का परिणाम घोषित करने का निर्णय लिया गया है।

परीक्षा परिणाम घोषित किए जाने हेतु निम्नांकित प्रक्रिया का पालन किया जा रहा है :–

1. सामान्य प्रशासन विभाग के उपरोक्त पत्रानुसार प्रारंभिक परीक्षा/लिखित परीक्षा में चयनित (शॉर्टलिस्टेड) प्रावधिक अर्ह अभ्यर्थी परीक्षा के अगले प्रत्येक चरण (मुख्य परीक्षा, साक्षात्कार) में प्रावधिक रूप से ही सम्मिलित होंगे। माननीय न्यायालय के अंतिम निर्णय आने के उपरांत वह अपने संबंधित वर्ग (अन्य पिछड़ा वर्ग या अनारक्षित) में रोके गए 13 प्रतिशत पद के विरुद्ध ही चयनित होंगे न कि पूर्व घोषित हो चुके 87 प्रतिशत पद के विरुद्ध।
2. परीक्षा परिणामों के मुख्य भाग (87 प्रतिशत) एवं प्रावधिक भाग (13 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग एवं 13 प्रतिशत अनारक्षित) में अर्ह अभ्यर्थी अपने-अपने भाग में ही बने रहेंगे। चयन के किसी भी स्तर पर ये एक दूसरे से अंतर परिवर्तन (इंटरचेंज) हेतु दावा नहीं कर सकेंगे। चयन प्रक्रिया के प्रत्येक अगले चयन हेतु इस आशय का अभिवचन पत्र भी अभ्यर्थियों से अनिवार्यतः प्राप्त किया जाए।

सामान्य प्रशासन विभाग के ''पत्र क्रमांक-एफ 07-46/2021/आ.प्र./एक, भोपाल दिनांक 29 सितंबर 2022'' में दिए गए निर्देशों एवं आयोग के निर्णय अनुसार सहायक प्राध्यापक (हिन्दी) परीक्षा-2022 के अंतर्गत विज्ञापित पदों का परीक्षा परिणाम दो भागों में मुख्य भाग एवं प्रावधिक भाग में घोषित किया जाना है। सहायक प्राध्यापक (हिन्दी) परीक्षा-2022 हेतु मुख्य भाग 87 प्रतिशत (14 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग के पदों) तथा (ब) प्रावधिक भाग (13 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अनारक्षित श्रेणी हेतु) के पदों का रिक्ति विवरण प्राप्त हुआ है। जिसे आयोग द्वारा शुद्धि पत्र क्रमांक-11/28/2022,दिनांक 10.09.2024 को आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित कर दिया गया है। विज्ञापित पदों का रिक्ति विवरण निम्नानुसार है :–

स. क्र.	पद का नाम	अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु विज्ञापित कुल पद	मुख्य भाग 87 प्रतिशत (14 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग के पदों)	प्रावधिक भाग (13 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग एवं 13 प्रतिशत अनारक्षित श्रेणी हेतु)
1.	सहायक प्राध्यापक (हिन्दी) परीक्षा-2022	20	16	4

उपरोक्तानुसार सहायक प्राध्यापक (हिन्दी) परीक्षा-2022 के परीक्षा परिणाम में **मुख्य भाग-अ** के लिए साक्षात्कार हेतु विज्ञापित पदों के 3 गुना+समान अंक प्राप्त प्रावधिक रूप से अर्ह **कुल-380** अभ्यर्थियों की अनुक्रमांकवार सूची निम्नानुसार है :–

MADHYA PRADESH PUBLIC SERVICE COMMISSION
ASSISTANT PROFESSOR EXAM 2022 (HINDI) - PART A (MAIN)
ROLL NUMBER WISE LIST OF SELECTED CANDIDATES

S. NO.	ROLL NO.	S. NO.	ROLL NO.	S. NO.	ROLL NO.	S. NO.	ROLL NO.	S. NO.	ROLL NO.
1.	130010	69.	130915	137.	132673	205.	134374	273.	135692
2.	130038	70.	130984	138.	132694	206.	134388	274.	135722
3.	130059	71.	131031	139.	132696	207.	134394	275.	135784
4.	130063	72.	131048	140.	132701	208.	134408	276.	135817
5.	130065	73.	131071	141.	132744	209.	134412	277.	135821
6.	130074	74.	131107	142.	132755	210.	134414	278.	135850
7.	130081	75.	131124	143.	132763	211.	134458	279.	135852
8.	130088	76.	131178	144.	132765	212.	134463	280.	135868
9.	130101	77.	131198	145.	132779	213.	134479	281.	135899
10.	130108	78.	131234	146.	132793	214.	134481	282.	135954
11.	130109	79.	131235	147.	132818	215.	134485	283.	136006
12.	130112	80.	131272	148.	132882	216.	134497	284.	136007
13.	130122	81.	131314	149.	132888	217.	134500	285.	136050
14.	130153	82.	131321	150.	132891	218.	134503	286.	136070
15.	130158	83.	131328	151.	132918	219.	134517	287.	136119
16.	130202	84.	131349	152.	132943	220.	134526	288.	136125
17.	130226	85.	131452	153.	133062	221.	134531	289.	136157
18.	130237	86.	131468	154.	133097	222.	134532	290.	136165
19.	130241	87.	131477	155.	133153	223.	134534	291.	136231
20.	130244	88.	131494	156.	133178	224.	134545	292.	136354
21.	130262	89.	131507	157.	133179	225.	134549	293.	136356
22.	130267	90.	131509	158.	133230	226.	134562	294.	136361
23.	130268	91.	131513	159.	133243	227.	134563	295.	136371
24.	130279	92.	131557	160.	133253	228.	134566	296.	136395
25.	130284	93.	131565	161.	133297	229.	134568	297.	136439
26.	130290	94.	131570	162.	133309	230.	134589	298.	136496
27.	130296	95.	131642	163.	133313	231.	134591	299.	136513
28.	130344	96.	131644	164.	133390	232.	134598	300.	136514
29.	130374	97.	131700	165.	133394	233.	134607	301.	136540
30.	130378	98.	131704	166.	133414	234.	134617	302.	136589
31.	130390	99.	131733	167.	133490	235.	134619	303.	136592
32.	130395	100.	131750	168.	133527	236.	134657	304.	136627
33.	130400	101.	131869	169.	133608	237.	134660	305.	136633
34.	130404	102.	131878	170.	133627	238.	134711	306.	136656
35.	130405	103.	131897	171.	133654	239.	134754	307.	136659
36.	130414	104.	131919	172.	133724	240.	134755	308.	136698
37.	130434	105.	131953	173.	133743	241.	134763	309.	136704
38.	130446	106.	131957	174.	133751	242.	134775	310.	136706
39.	130451	107.	132047	175.	133752	243.	134814	311.	136712
40.	130463	108.	132050	176.	133804	244.	134845	312.	136815
41.	130473	109.	132072	177.	133871	245.	134867	313.	136822
42.	130481	110.	132105	178.	133905	246.	134907	314.	136854
43.	130496	111.	132132	179.	133917	247.	134961	315.	136874
44.	130500	112.	132139	180.	133920	248.	134983	316.	136888
45.	130526	113.	132157	181.	134010	249.	135001	317.	136902
46.	130531	114.	132185	182.	134034	250.	135074	318.	136930
47.	130539	115.	132187	183.	134036	251.	135153	319.	136939
48.	130561	116.	132190	184.	134040	252.	135170	320.	136945
49.	130575	117.	132269	185.	134046	253.	135242	321.	136948
50.	130581	118.	132270	186.	134079	254.	135287	322.	136959
51.	130592	119.	132305	187.	134138	255.	135288	323.	136963
52.	130606	120.	132313	188.	134159	256.	135311	324.	136979
53.	130608	121.	132344	189.	134163	257.	135431	325.	136990
54.	130620	122.	132348	190.	134169	258.	135440	326.	136992
55.	130637	123.	132369	191.	134184	259.	135452	327.	137044
56.	130643	124.	132373	192.	134188	260.	135490	328.	137046
57.	130680	125.	132461	193.	134190	261.	135492	329.	137068
58.	130688	126.	132482	194.	134195	262.	135495	330.	137081
59.	130697	127.	132500	195.	134205	263.	135496	331.	137106
60.	130720	128.	132508	196.	134216	264.	135501	332.	137115
61.	130739	129.	132527	197.	134263	265.	135544	333.	137130
62.	130744	130.	132532	198.	134273	266.	135556	334.	137132
63.	130754	131.	132543	199.	134283	267.	135558	335.	137160
64.	130797	132.	132552	200.	134291	268.	135604	336.	137209
65.	130809	133.	132564	201.	134339	269.	135616	337.	137224
66.	130817	134.	132567	202.	134342	270.	135638	338.	137290
67.	130834	135.	132570	203.	134346	271.	135651	339.	137294
68.	130906	136.	132660	204.	134356	272.	135680	340.	137324

S. NO.	ROLL NO.	S. NO.	ROLL NO.	S. NO.	ROLL NO.	S. NO.	ROLL NO.	S. NO.	ROLL NO.
341.	137333	349.	137420	357.	137506	365.	137657	373.	137981
342.	137339	350.	137432	358.	137521	366.	137705	374.	137996
343.	137340	351.	137451	359.	137531	367.	137730	375.	138194
344.	137359	352.	137460	360.	137534	368.	137738	376.	138502
345.	137365	353.	137478	361.	137539	369.	137745	377.	138585
346.	137368	354.	137483	362.	137583	370.	137760	378.	138620
347.	137388	355.	137490	363.	137587	371.	137830	379.	138662
348.	137417	356.	137491	364.	137598	372.	137954	380.	138663

प्रावधिक भाग-ब के लिए साक्षात्कार हेतु कुल विज्ञापित पदों के 3 गुना+समान अंक प्राप्त प्रावधिक रूप से साक्षात्कार हेतु अर्ह कुल-32 अभ्यर्थियों की अनुक्रमांकवार सूची निम्नानुसार है :–

MADHYA PRADESH PUBLIC SERVICE COMMISSION
ASSISTANT PROFESSOR EXAM 2022 (HINDI) - PART B (PROVISIONAL)
ROLL NUMBER WISE LIST OF SELECTED CANDIDATES

S. NO.	ROLL NO.	S. NO.	ROLL NO.	S. NO.	ROLL NO.	S. NO.	ROLL NO.
1.	130040	9.	131175	17.	133790	25.	135121
2.	130159	10.	131496	18.	134255	26.	135532
3.	130177	11.	131547	19.	134274	27.	136152
4.	130330	12.	131775	20.	134380	28.	136673
5.	130497	13.	132595	21.	134423	29.	137161
6.	130529	14.	133280	22.	134588	30.	137422
7.	130633	15.	133349	23.	134756	31.	137550
8.	130963	16.	133355	24.	134882	32.	137685

साक्षात्कार के लिए अभिलेख प्रेषित करने के संबंध में निर्देश :–

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इंदौर

परिशिष्टि प्रपत्र-01

विज्ञापन क्रमांक :– 28/2022 दिनांक 30.12.2022	पद/परीक्षा का नाम :– सहायक प्राध्यापक (हिन्दी) परीक्षा-2022
अनुक्रमांक -	अभ्यर्थी का नाम :– .....

स. क्र.	दस्तावेज का विवरण	संलग्न दस्तावेजों के पृष्ठ क्रमांक	संलग्नक के पृष्ठों की कुल संख्या
1.	उपरोक्त परीक्षा के लिए भरे गए ऑनलाइन आवेदन पत्र की छायाप्रति।	पृष्ठ क्रमांक .....से..... तक	.....
2.	उपरोक्त परीक्षा के प्रवेश पत्र की छायाप्रति।	पृष्ठ क्रमांक .....से..... तक	.....
3.	उपस्थिति पत्रक-1 मूल प्रति।	पृष्ठ क्रमांक .....से..... तक	.....
4.	व्यक्तिगत विवरण पत्रक-1 मूल प्रति एवं 5 छायाप्रतियां। (केवल मूल प्रति पर नम्बरिंग करना है। छायाप्रतियों पर नम्बरिंग नहीं करना है।)	पृष्ठ क्रमांक .....से..... तक	.....
5.	अनुप्रमाणन फॉर्म-3 मूल प्रति।	पृष्ठ क्रमांक .....से..... तक	.....
6.	घोषणा पत्र (किसी भी चयन/परीक्षा से विवर्जित (Debar) नहीं होने संबंधी) 01 मूल प्रति।	पृष्ठ क्रमांक .....से..... तक	.....
7.	हाईस्कूल की अंकसूची। (छायाप्रति)	पृष्ठ क्रमांक .....से..... तक	.....
8.	हायर सेकेण्डरी की अंकसूची। (छायाप्रति)	पृष्ठ क्रमांक .....से..... तक	.....
9.	स्नातक एवं स्नातकोत्तर की समस्त वर्षों की अंकसूचियां एवं उपाधि। (स्नातक परीक्षा दिनांक 13.04.2024 के पूर्व उत्तीर्ण होना अनिवार्य है) (छायाप्रति)।	पृष्ठ क्रमांक .....से..... तक	.....
10.	यू.जी.सी. नेट/मध्यप्रदेश राज्य पात्रता परीक्षा (सेट) उत्तीर्ण प्रमाण पत्र। (दिनांक 13.04.2024 तक का जारी प्रमाण पत्र) (छायाप्रति)।	पृष्ठ क्रमांक .....से..... तक	.....
11.	प्रदेश के शासकीय महाविद्यालयों में कार्यरत अतिथि विद्वानों के लिए निर्धारित प्रारूप में अध्यापन अनुभव प्रमाण पत्र। (दिनांक 13.04.2024 तक का जारी प्रमाण पत्र) (छायाप्रति)।	पृष्ठ क्रमांक .....से..... तक	.....
12.	मध्यप्रदेश के मूल निवासी होने की स्थिति में म.प्र. राज्य का रोज़गार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण-पत्र। (आयोग कार्यालय में अभिलेख प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक का जारी प्रमाण पत्र) (छायाप्रति)।	पृष्ठ क्रमांक .....से..... तक	.....
13.	मूल निवासी/स्थानीय निवासी प्रमाण-पत्र की प्रति। (प्रमाण-पत्र में प्रकरण क्रमांक, गोलसील, जावक क्रमांक, दिनांक का उल्लेख होना आवश्यक है।) (आयोग कार्यालय में अभिलेख प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक का जारी प्रमाण पत्र) (छायाप्रति)।	पृष्ठ क्रमांक .....से..... तक	.....
14.	आरक्षित श्रेणी होने की स्थिति में सक्षम अधिकारी द्वारा जारी म.प्र. शासन का जाति प्रमाण पत्र। विवाहित महिलाओं के मामले में स्वयं के नाम के साथ पिता के नाम का जाति प्रमाण पत्र। (जाति प्रमाण पत्र में जारी करने की दिनांक, गोलसील एवं प्रकरण क्रमांक का उल्लेख होना आवश्यक है। अन्य राज्य के जारी जाति प्रमाण पत्र मान्य नहीं होंगे।) (म.प्र. शासन की सेवाओं हेतु निर्धारित प्रारूप में जाति प्रमाण-पत्र मान्य होंगे)। (आयोग कार्यालय में अभिलेख प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक का जारी प्रमाण पत्र (छायाप्रति)।	पृष्ठ क्रमांक .....से..... तक	.....
15.	म.प्र. का मूल निवासी होने की स्थिति में अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को क्रीमीलेयर श्रेणी के अंतर्गत न आने संबंधी प्रस्तुत किए जाने वाला घोषणा पत्र-01 मूल प्रति।	पृष्ठ क्रमांक .....से..... तक	.....
16.	म.प्र. का मूल निवासी होने की स्थिति में ई.डब्ल्यू.एस. श्रेणी के अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत किए गए वित्तीय वर्ष :– (1) विज्ञापन क्रमांक-28/2022/30.12.2022 अनुसार ऑनलाइन आवेदन दिनांक 01.03.2023 से दिनांक 31.03.2023 तक ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत किए गए आवेदकों द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-2023 का ई.डब्ल्यू.एस. श्रेणी का वैध प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना है। अथवा (2) आयोग के शुद्धि पत्र क्रमांक-04/28/2022 दिनांक 24.11.2023 अनुसार ऑनलाइन आवेदन दिनांक 30.11.2023 से दिनांक 15.12.2023 तक ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत किए गए आवेदकों द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-2024 का ई.डब्ल्यू.एस. श्रेणी का वैध प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना है। अथवा (3) आयोग के शुद्धि पत्र क्रमांक-08/16-53/2022 दिनांक 12.04.2024 अनुसार ऑनलाइन आवेदन दिनांक 05.04.2024 से दिनांक 13.04.2024 तक ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत किए गए आवेदकों द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-2025 का ई.डब्ल्यू.एस. श्रेणी का वैध प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना है।	पृष्ठ क्रमांक .....से..... तक	.....
17.	महिला अभ्यर्थियों हेतु विवाहोपरांत उपनाम परिवर्तन की स्थिति में शपथ पत्र की प्रति। (छायाप्रति)	पृष्ठ क्रमांक .....से..... तक	.....
18.	म.प्र. शासन की सेवा में सेवारत शासकीय सेवक होने की स्थिति में विभाग द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण-पत्र की प्रति। अनापत्ति प्रमाण-पत्र न हो तो विभाग को अनापत्ति हेतु प्रस्तुत पत्र की प्रति संलग्न करें। (छायाप्रति)	पृष्ठ क्रमांक .....से..... तक	.....
19.	मध्यप्रदेश शासन की सेवा में सेवारत होने की स्थिति में शासकीय सेवक हेतु अभिवचन पत्र-1 मूल प्रति।	पृष्ठ क्रमांक .....से..... तक	.....
20.	भूतपूर्व सैनिक होने की स्थिति में ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 13.04.2024 के पूर्व भूतपूर्व सैनिक होने संबंधी दस्तावेज की प्रति एवं सेवावधि का विवरण पत्रक की प्रति। (छायाप्रति)	पृष्ठ क्रमांक .....से..... तक	.....
21.	अभ्यर्थी का स्वयं का पहचान पत्र। (आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र/पेन कार्ड/फोटोयुक्त बैंक पास बुक की प्रति/ शासकीय कर्मचारी होने की स्थिति में नियोक्ता द्वारा जारी परिचय पत्र की प्रति/ड्रायविंग लायसेंस) (छायाप्रति)	पृष्ठ क्रमांक .....से..... तक	.....
22.	दिव्यांग अभ्यर्थी होने की स्थिति में दिव्यांगता के प्रमाण पत्र की छायाप्रति। (ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 13.04.2024 के पूर्व प्रमाण पत्र जारी होना अनिवार्य है।)	पृष्ठ क्रमांक .....से..... तक	.....
23.	यदि अभ्यर्थी के विरुद्ध कोई आपराधिक प्रकरण/ न्यायालयीन प्रकरण दर्ज हो जिसका निराकरण लंबित हो या हो चुका हो तो उससे संबंधित दस्तावेज।	पृष्ठ क्रमांक .....से..... तक	.....
24.	आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध विज्ञापित पदों के मुख्य भाग (87 प्रतिशत) एवं प्रावधिक भाग (13 प्रतिशत) के आधार अभ्यर्थी ''अभिवचन'' पत्र की पूर्ति कर आयोग कार्यालय में साक्षात्कार दिवस को अनिवार्यतः प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे।	पृष्ठ क्रमांक .....से..... तक	.....
25.	अन्य कोई दस्तावेज जो अभ्यर्थी प्रस्तुत करना चाहता है।	पृष्ठ क्रमांक .....से..... तक	.....
	कुल संलग्नक दस्तावेजों की संख्या (अंकों में)		

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर :- .....

05. साक्षात्कार हेतु अर्ह अभ्यर्थी विज्ञापन अनुसार वांछित अपनी अर्हता संबंधी समस्त अभिलेख उपरोक्त परिशिष्ट प्रपत्र-01 अनुसार क्रम में प्रमाण-पत्रों की प्रमाणित/स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न कर अभ्यर्थी अपना नाम, अनुक्रमांक, पृष्ठ क्रमांक एवं संलग्न दस्तावेज के कुल पृष्ठों की संख्या स्पष्टतः अंकित कर **दिनांक 16.10.2024 तक** आयोग कार्यालय में प्रेषित करें। डाक विभाग या अन्य किसी माध्यम से प्रेषित किए गए अभ्यर्थियों के अभिलेख आयोग कार्यालय में विलंब से प्राप्त होने पर आयोग जिम्मेदार नहीं होगा न ही इस संबंध में कोई पत्र व्यवहार मान्य किया जाएगा। अतः अभ्यर्थी निर्धारित तिथि तक अपने अभिलेख आयोग कार्यालय भेजना सुनिश्चित करें। जिन अभ्यर्थियों के अभिलेख अंतिम तिथि तक प्राप्त नहीं होंगे उनके विषय में यह माना जाएगा कि वे साक्षात्कार में भाग नहीं लेना चाह रहे हैं, उनकी उम्मीदवारी निरस्त कर आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। अभ्यर्थी द्वारा आवेदन पत्र में दी गई समस्त जानकारियों की आयोग कार्यालय द्वारा सूक्ष्म जांच करने के उपरांत सही पाए जाने पर ही अभ्यर्थी को साक्षात्कार की पात्रता होगी। साक्षात्कार की दिनांक पृथक से घोषित की जाएगी।

महत्वपूर्ण टीप :-

1. सूची में दर्शाए गए परीक्षा परिणाम पूर्णतः प्रावधिक हैं। यदि अभ्यर्थी सहायक प्राध्यापक (हिन्दी) परीक्षा-2022 के लिए अधिसूचित नियमों एवं शर्तों को पूर्ण नहीं करते हैं तो साक्षात्कार हेतु उनकी अर्हता स्वतः समाप्त हो जाएगी।
2. आरक्षित वर्ग के वे अभ्यर्थी जिनके प्राप्तांक अनारक्षित वर्ग के प्राप्तांकों के बराबर या अधिक हैं उन्हें नियमानुसार मुख्य तथा प्रावधिक दोनों ही भागों में अनारक्षित वर्ग में लघुसूचीकृत किया गया है।
1. सभी पदों हेतु आवेदन सामान्य प्रारूप में नाम से बंद लिफाफे में कार्यालय अधीक्षक, राजकीय प्रौढ़ मूकबधिर प्रशिक्षण संस्थान दिव्यांग आवासीय विद्यालय संकुल, संस्कृति रॉयल सिटी, तालाब के सामने राऊ जिला इन्दौर दूरभाष क्रमांक 0731-2558032 में **समाचार पत्रों में प्रकाशित होने की दिनांक से 07 दिवस के अंदर प्राप्त किये जावेंगे।** आवेदन प्राप्त करने का समय (शासकीय अवकाश छोड़कर) 10:00 बजे से 06:00 बजे तक स्वीकार किये जावेंगे। लिफाफे पर आवेदित पद का नाम एवं मोबाइल नम्बर अवश्य लिखें। 2. अभ्यर्थियों को जाति, मूल निवासी, शैक्षणिक अर्हताएं, स्थाई पता, आधार कार्ड, फोटो, इत्यादि सह प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रति संलग्न करना आवश्यक है। योग्यता के साथ अनुभव प्रमाण पत्र उम्मीदवारों को प्राथमिकता। अभ्यर्थियों को मध्यप्रदेश राज्य के रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य होगा, अभ्यर्थियों को मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना अनिवार्य है। उपरोक्त सभी पद कलेक्टर दर पर निश्चित मानदेय पर रखे जायेगा। 3. समिति के समक्ष उपस्थित होने पर किसी भी वर्ग के उम्मीदवारों को आने जाने का किसी प्रकार का व्यय/भुगतान नहीं दिया जावेगा। आवेदन पत्र विज्ञापन प्रकाशन के 07 दिवस में उपरोक्तानुसार कार्यालय में ही जमा करावे। विलंब से प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार या मान्य नहीं किये जावेंगे। 4. सभी पद हेतु आवेदनकर्ता निर्धारित योग्यतानुसार आवेदन पत्र पृथक-पृथक आवेदन प्रस्तुत करेंगे। यदि एक आवेदन पत्र में दो या अधिक आवेदन पत्र भरेंगे तो निरस्त कर दिया जावेगा। शासकीय अर्द्धशासकीय संस्था में कार्यरत कर्मचारी अपने नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण पत्र के साथ संलग्न करें। चयन प्रक्रिया में चयन समिति का निर्णय अंतिम निर्णय होगा तथा किसी प्रकार का प्रतिवाद स्वीकार नहीं होगा। 5. उम्मीदवारों का चयन, गठित चयन समिति द्वारा मेरिट लिस्ट के आधार पर निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप ही किया जावेगा। मेरिट लिस्ट की सूचना अभ्यार्थियों को प्रथक से दी जावेगी। उम्मीदवारों की न्यूनतम आयु 18 वर्ष तथा अधिकतम 40 वर्ष मान्य होगी। सभी प्रकार की छूट को शामिल करते हुए किसी भी स्थिति में किसी भी प्रवर्ग के लिए अधिकतम आयु सीमा में 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी। 6. म.प्र. शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल, दिनांक 06 जनवरी, 2022 के जारी निर्देशों के परिपालन में आरक्षण रोस्टर का पालन करते हुए उक्त रिक्त पदों की पूर्ति की जा रही है।

नोट : स्वीपर/अंशकालीन स्वच्छक के पद हेतु अनारक्षित, अन्य पि.वर्ग व अ.ज.जा. के उम्मीदवारों के द्वारा कार्य करने में असमर्थता या उपलब्धता नहीं होती है, तो अ.जा. के उम्मीदवार भी आवेदन पत्र भर सकते हैं। इस संबंध में अंतिम निर्णय समिति के द्वारा लिया जायेगा।

संयुक्त संचालक, सामाजिक न्याय एवं

जी-17053/50116/2024 **दिव्यांगजन सशक्तिकरण, इन्दौर संभाग इन्दौर**

प्रदेश में तीन हजार डॉक्टरों सहित होगी 30 हजार चिकित्सा कर्मियों की भर्ती

रीवा, उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने रीवा जिले में प्रदेश के विकास कार्यों पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग में 30 हजार स्वास्थ्य कर्मियों की भर्ती शीघ्र ही की जा रही है। इनमें तीन हजार डॉक्टर शामिल हैं। पर्याप्त संख्या में डॉक्टर तथा पैरामेडिकल स्टाफ मिल जाने पर जिला मुख्यालय के अस्पतालों और सामुदायिक तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की व्यवस्थाएं बेहतर होंगी।

श्री शुक्ल ने कहा कि 23 अक्टूबर को रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रीवा में कर रहे हैं। इससे रीवा ही नहीं पूरे विन्ध्य में भारी मात्रा में औद्योगिक विकास के लिए निवेश होगा। रीवा में फूड पार्क, आईटी पार्क का भी शीघ्र निर्माण शुरू होगा। इनमें हजारों व्यक्तियों को रोज़गार के अवसर मिलेंगे। रीवा से भोपाल और इंदौर के साथ-साथ हैदराबाद के लिए भी सीधी विमान सेवा के प्रयास किये जा रहे हैं।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जिले में सिंचाई परियोजना के लिए 4 हजार करोड़ रुपये के टेंडर हाल ही में हुए हैं। बहुती नहर के लिए भी 1500 करोड़ रुपये मंजूर किये जा रहे हैं। इससे जिले की सिंचाई का रकबा 3 लाख एकड़ से बढ़कर 9 लाख एकड़ हो जायेगा। जिले में तेजी से समृद्धि आयी है। इस समृद्धि का लाभ तभी मिलेगा जब हम युवा पीढ़ी को नशे की गिरफ्त से बचा लें। नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार पर पुलिस लगातार कार्यवाही कर रही है। साथ ही नशामुक्ति के लिए जन-जागरूकता अभियान आवश्यक है। नशामुक्ति अभियान सफल होने पर ही भावी पीढ़ी विकास और सफलता के फल का स्वाद ले पायेगी।

बौद्धिक सम्पदा संगोष्ठी

संगोष्ठी के निष्कर्षों पर सकारात्मक व्यवस्था बनायेगी सरकार - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इंदौर में आयोजित बौद्धिक सम्पदा संगोष्ठी का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ करते हुये

इंदौर, इंदौर में आयोजित दो दिवसीय बौद्धिक सम्पदा संगोष्ठी में विचारों के अमृत मंथन से जो भी निष्कर्ष निकलेगा, उस निष्कर्ष पर मध्यप्रदेश सरकार व्यवस्था बनाने का कार्य करेगी। आने वाले समय में बौद्धिक सम्पदा कानून के संदर्भ में अनेक चुनौतियां हैं। ऐसे में उच्च न्यायालय द्वारा इस तरह की संगोष्ठी का आयोजन किया जाना एक सराहनीय पहल है। सर्वसुलभ और समदर्शी न्याय की सुलभता के लिए न्यायपालिका से समन्वय की कमी नहीं रहेगी। ये बातें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बौद्धिक सम्पदा अधिकार विषय पर इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 'यतो धर्मः, ततो जयः।' उन्होंने उज्जैन के राजा विक्रमादित्य की न्यायप्रियता का जिक्र करते हुए कहा कि उनकी न्याय प्रणाली सदैव प्रेरणास्पद रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि ज्ञान सम्पदा के निर्धारण से आने वाले समय में कई चुनौतियां आएंगी। इन चुनौतियों का समाधान ढूंढ़ने में इस तरह का आयोजन उपयोगी सिद्ध होगा। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा न्याय सम्पदा संवर्द्धन के लिए बनायी गई नई नीति-2016 की सराहना की।

संगोष्ठी के प्रारंभ में न्यायाधिपति जस्टिस सुश्रत धर्माधिकारी ने स्वागत उद्बोधन दिया और दो दिनों में होने वाले विभिन्न सत्रों की जानकारी दी। दक्षिण एशिया की प्रतिनिधि सुश्री गौरी कुमार ने संस्था की जानकारी देते हुए बताया कि लगभग 187 देशों में बौद्धिक सम्पदा के संदर्भ में कार्य करने के लिए संगठन विद्यमान हैं।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कैंसर यूनिट निर्माण का किया निरीक्षण

रीवा, उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने मेडिकल कॉलेज तथा संजय गांधी हास्पिटल रीवा परिसर में निर्माणाधीन कैंसर यूनिट के नवीन भवन की प्रगति का जायजा लिया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि भवन का निर्माण शीघ्र पूरा करायें। कैंसर के उपचार के लिए 32 करोड़ रुपये की लागत की आधुनिक लीनेक मशीन रीवा के लिए खरीदी गयी है। भवन का निर्माण पूरा होते ही रोगियों को कैंसर की जांच और उपचार की सुविधा मिल जायेगी। रोगियों को भोपाल, नागपुर, मुम्बई नहीं जाना पड़ेगा।

उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल के विस्तार के लिए स्वीकृत नवीन भवन निर्माण का भी निरीक्षण किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्माण कार्य को तेजी से पूरा करायें जिससे सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल में 400 बेड में उपचार की सुविधा उपलब्ध हो सके।

मुख्यमंत्री ने कानून व्यवस्था और सड़कों के रख-रखाव के दिए निर्देश

भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कमिश्नर-कलेक्टर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में वर्षा से प्रभावित सड़कों की तत्काल मरम्मत सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सड़कों पर घूमते मवेशी, ओवरलोडिंग आदि के संबंध में भी पुलिस प्रशासन को सतर्क रहने और आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। समत्व भवन से हुई वीडियो कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था बनाए रखने में किसी भी तरह की लापरवाही न हो, आने वाले त्योहारों में शांति व्यवस्था और सौहार्द्र कायम रहे। मुख्यमंत्री ने राजस्व न्यायालय के प्रकरणों में हुए कार्य की सराहना करते हुए कहा कि शेष बचे प्रकरणों की भी समय-सीमा निर्धारित कर निराकरण किया जाए।

गिग प्लेटफार्म वर्कर्स को संबल योजना का लाभ मिलेगा

भोपाल, मध्यप्रदेश सरकार ने नीति आयोग की पहल पर राज्य में कार्यरत लगभग 1 लाख गिग प्लेटफार्म वर्कर्स को मार्च 2024 में असंगठित श्रमिकों की श्रेणी में शामिल किया, साथ ही संबल योजना के समस्त लाभ दिये जाने का निर्णय लिया। संबल पोर्टल पर गिग वर्कर्स पंजीयन का कार्य किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि आज बड़े से लेकर छोटे शहरों तक घर-घर में लोगों की इच्छानुसार सामान पहुंचाने एवं सेवा देने वाले सेवा क्षेत्र के अमेजन, फ्लिपकार्ट, जोमेटो, ब्लिंकिट, ओला, उबर के सर्विस वर्कर्स की संख्या लाखों में है। इन श्रमिकों के हितों के बारे में निर्णय लेने के लिये केन्द्र सरकार ने नीति आयोग को निर्देशित किया था।

संबल पोर्टल sambal.mp.gov.in पर अब तक 700 से अधिक गिग वर्कर्स का पंजीयन किया जा चुका है। जैसे-जैसे गिग वर्कर्स में इस क्षेत्र में जागरूकता आ रही है वैसे-वैसे पंजीयन में तेजी आ रही है। संबल योजना में शामिल होने के कारण गिग वर्कर्स को भी संबल अंतर्गत अनुग्रह सहायता एवं अंत्येष्टी का लाभ मिल सकेगा।

उल्लेखनीय है कि संबल योजना के अंतर्गत पंजीकृत श्रमिक को दुर्घटना में मृत्यु की दशा में रुपये 4 लाख, सामान्य मृत्यु की दशा में 2 लाख, स्थायी अपंगता पर रुपये 2 लाख तथा आंशिक अपंगता पर रुपये 1 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। अंतिम संस्कार सहायता के रूप मे रुपये 5 हजार दिये जाने का प्रावधान है।

गिग प्लेटफार्म वर्कर्स में फूड सप्लाई/ वितरण सेवा जैसे जोमेटो, स्वीगी, ईट श्योर फूड पांडा आदि, डिलीवरी बॉय, एसोसिएट, डिलेवरी ड्रायवर जैसे अमेजन, फ्लिपकार्ट, बिग बास्केट, जेप्टो, ब्लिंकिट, बेस्ट प्राईज, मेट्रो, डी-मार्ट आदि, टेली कॉलर, कॉल सेंटर एसोसिएट, संदेश वाहक, वितरण (कुरियर सर्विस सेवा), इलेक्ट्रॉनिक, होम एप्लांइस सर्विसकर्ता जैसे अर्बन कम्पनी, हाउस जॉय, रीच यू आदि, कैब-टैक्सी ड्रायवर्स जैसे ओला, उबर, जुगनू आदि, माल-वाहक चालक, कस्टमर, कंप्लेंट सर्विस आपरेटर, हाउस कीपिंग सर्विस जैसे अर्बन क्लैप, हाउस जॉय, रीच यू आदि, ट्रांक्रिप्शन राईट-एसोसिएट, फ्रीलांस एप, ऑनलाइन एडुकेटर्स, व्यूटर्स (अनेक नियोजकों हेतु), फ्रीलांस सॉफ्टवेयर डेवलपर, ऑपरेटर (जो अनेक नियोजकों के लिये काम करते हो), फ्रीलांस ग्राफिक डिजाइनर (अनेक नियोजकों हेतु) और फ्रीलांस ट्रेवल अडेन्डेंट्स गाइड एवं संबंधित श्रमिक शामिल हैं।

मुख्यमंत्री से ब्रिटिश डिप्टी हाई कमिश्नर श्री कंग ने की भेंट

भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से ब्रिटिश डिप्टी हाई कमिश्नर श्री हरजिंदर कंग ने मुख्यमंत्री निवास में भेंट कर मध्यप्रदेश से ब्रिटेन को निर्यात और प्रदेश में निवेश बढ़ाने के संबंध में चर्चा की। मध्यप्रदेश, ब्रिटेन का प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों और कृषि उत्पादों का महत्वपूर्ण निर्यातक है। मध्यप्रदेश से कपड़ें एवं तैयार वस्त्रों, फार्मास्यूटिकल्स और प्लास्टिक उत्पादों तथा पैकेजिंग सामग्री का भी निर्यात किया जाता है। चर्चा में निर्यात को बढ़ाने तथा प्रदेश में आईटी, खाद्य प्रसंस्करण, परिधान, ऑटोमोबाइल, स्वास्थ्य, अक्षय ऊर्जा और पर्यटन के क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं पर विचार-विमर्श हुआ। मुख्यमंत्री ने भोपाल में फरवरी 2025 को होने जा रही इन्वेस्ट मध्यप्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए आमंत्रित किया।

डेन्टल इम्प्लांट की आधुनिक तकनीक होगी मददगार

इंदौर, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर के ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में आईएसओआई (इंडियन सोसाइटी ऑफ ओरल इंप्लांटोलॉजिस्ट्स) की तीन दिवसीय 30वीं नेशनल कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश में नई तकनीकी और नवाचार के लिए कई अलग-अलग विधाओं को प्रोत्साहित किया है। उन्होंने गरीब तबके के लिये स्वास्थ्य क्षेत्र में वरदान बन रही आयुष्मान योजना की शुरुआत की, जिसमें 5 लाख रुपये तक का नि:शुल्क इलाज मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नवाचार, नवीन तकनीक के साथ अलग-अलग विधाओं को प्रोत्साहित करते हैं। डेन्टल इम्प्लांट की आधुनिक तकनीक आमजन को बेहतर चिकित्सा सेवा प्रदान करने में मददगार सिद्ध होगी।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इंदौर में आयोजित नेशनल कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग और स्वास्थ्य शिक्षा को जोड़ते हुए इसे प्रभावी बनाने के लिए विशेष प्रयास किये गये हैं। प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधा का सभी को समुचित लाभ मिले इसके लिये हेल्थ एजुकेशन के क्षेत्र में राज्य सरकार ने कई नवाचार किए हैं। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना में दांतों के इलाज को भी जोड़े जाने की आवश्यकता बताई। मुख्यमंत्री ने कहा कि गंभीर रोगियों के लिये पीएमश्री एयर एंबुलेंस की सुविधा प्रारंभ की गई है।

मध्यप्रदेश सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर खेलो एमपी यूथ गेम्स का होगा आयोजन

भोपाल, सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने खेलो एमपी यूथ गेम्स 2024 की तैयारियों के संबंध में टी.टी. नगर स्टेडियम में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक ली। श्री सारंग ने कहा कि खेलो एमपी यूथ गेम्स 2024 के माध्यम से हमारे प्रदेश के हर खेल में प्रतिभाशाली खिलाड़ी तैयार हो सकें इसके लिये समिति चयन प्रक्रिया तैयार करे। वहीं स्कूल शिक्षा व जनजातीय कार्य एवं अनुसूचित जाति कल्याण विभाग के साथ भी समन्वय किया जाये।

श्री सारंग ने बताया कि प्रदेश में 13 दिसम्बर से खेलो एमपी यूथ गेम्स का आयोजन 4 चरणों में किया जा रहा है। विकासखंड स्तर से इन खेल की शुरुआत होगी, जिसमें जिला, संभाग और फिर राज्य स्तर पर जाकर खिलाड़ी अपना प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर 313 विकासखंड, संभाग स्तर पर 55 जिले, राज्य स्तर पर प्रदेश के 8 संभाग भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, जबलपुर, रीवा, सागर, उज्जैन, शहडोल की टीमों की सहभागिता होगी। वहीं प्रदेश के 7 शहरों में राज्य स्तरीय आयोजन किये जायेंगे।

श्री सारंग ने बताया कि खेलो एमपी यूथ गेम्स में कुल 25 खेलों में खिलाड़ी प्रतिभागिता करेंगे। उन्होंने कहा कि आयोजन में अधिक से अधिक खिलाड़ी प्रतिभागिता कर सकें इसके लिये व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जायेगा।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

बृज मैत्री बिजनेस एक्सपो-2024

भारतीय व्यापार विश्व पटल पर स्थापित कर रहा अपनी अनूठी पहचान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इंदौर में बृज मैत्री बिजनेस एक्सपो-2024 के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए

इंदौर, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर में बृज मैत्री बिजनेस एक्सपो-2024 का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। बृज मैत्री बिजनेस एक्सपो 2024 बिजनेस नेटवर्किंग इवेंट का आयोजन 28-29 सितंबर 2024 को अभय प्रशाल इंदौर में आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा है कि बृज मैत्री बिजनेस एक्सपो-2024 बिजनेस नेटवर्किंग इवेंट अपने आप में नवाचार के नैसर्गिक गुण को बढ़ाने और समाज के अन्य लोगों को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक अच्छा प्रयास है। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज की सभी गतिविधियों के संचालन में व्यापारी वर्ग का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद देते हुए कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास के लिये उनकी दूरदृष्टि और स्टार्ट-अप इंडिया जैसे प्रोग्राम से भारत की अर्थव्यवस्था अपने नए आयाम को छू रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की उद्यमशीलता का ऐतिहासिक महत्व है। इतिहास में भी भारत के उद्यमी वर्ग और व्यापारी वर्ग के कारण ही भारत का व्यापार फला-फूला था और विश्व में सोने की चिड़िया कहलाता था। यह हमारे संस्कार ही हैं, जो उद्यमशीलता को बनाए हुए हैं। व्यापारी वर्ग की सफलता के लिए जो लचीलापन आवश्यक है वह हमारे संस्कारों में सम्मिलित होने से भारतीय व्यापार विश्व पटल में एक अलग अनूठी पहचान स्थापित करता है। मुख्यमंत्री ने अखिल भारतीय जैन श्वेतांबर सोशल ग्रुप फेडरेशन को बधाई देते हुए कहा कि निश्चित ही यह एक्सपो व्यापारी वर्ग के उत्थान में अपनी भागीदारी निभाएगा।

सार्थक संबंधों को बढ़ावा दिया

अखिल भारतीय जैन श्वेतांबर सोशल ग्रुप फेडरेशन के प्रेसीडेंट श्री जिनेश्वर जैन ने कहा कि बृज मैत्री बिजनेस एक्सपो का उद्देश्य स्टार्ट-अप से लेकर स्थापित निगमों तक सभी आकार के व्यवसायों के बीच सार्थक संबंधों को बढ़ावा देना है। इस कार्यक्रम में 76 से अधिक प्रदर्शक और 140 समूह शामिल होंगे जो बी-टू-बी और बी-टू-सी इंटरैक्शन और स्टार्ट-अप के लिए नई व्यावसायिक संभावनाओं को उजागर करने के लिए एक अनूठा स्थान प्रदान करेंगे।

राष्ट्रीय मार्गदर्शक फेडरेशन श्री दीपक जैन (टीनू) द्वारा बताया गया कि नवाचार और विकास पर मजबूत फोकस के साथ एक्सपो में स्टार्ट-अप कॉन्क्लेव में उद्योग के विशेषज्ञों और जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व में व्यावहारिक सत्र में उपस्थित लोगों को अपने व्यवसाय को अगले स्तर पर ले जाने के लिए व्यवहारिक अंतर्दृष्टि और रणनीति प्राप्त करने का मौका मिलेगा। इसके अलावा, बृज मैत्री बिजनेस एक्सपो-2024 महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जो उन्हें अपनी प्रतिभा और नवाचार दिखाने के लिए एक समर्पित मंच प्रदान करता है।

एक्सपो को सभी उपस्थित लोगों के लिए अपने नेटवर्क का विस्तार करने, लीड उत्पन्न करने और नए सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक स्थान बनाने के लिए डिजाइन किया गया है।

महात्मा गांधी के योगदान ने भारत को विश्व में एक अलग पहचान दिलाई

भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर के अवसर पर कुशाभाऊ ठाकरे सभागार परिसर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के योगदान ने भारत को दुनिया में एक अलग पहचान दी। वे ऐसे विलक्षण व्यक्तित्व के धनी थे, जिन्होंने अहिंसा के मार्ग पर चलकर उस शक्ति को परास्त किया, जिसका विश्व में कभी सूर्यास्त नहीं होता था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महात्मा गांधी ने अनेक मोर्चों पर संघर्ष किया। आजादी के लिए संघर्ष के साथ-साथ असमानता के विरुद्ध लड़ाई लड़ने और स्वच्छता के प्रति जागरूकता के लिए भी उन्होंने प्रयास किया। स्वदेशी के प्रति आग्रह ऐसे आयाम थे, जिनके माध्यम से वे भारत को सशक्त कर देशवासियों का जीवन बदलना चाहते थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने इन्हीं बिंदुओं को मूर्त रूप देते हुए देशवासियों से स्वच्छता पखवाड़ा मनाने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा दिए गए 'सबका साथ-सबका विकास' के मूल मंत्र में महात्मा गांधी द्वारा दिखाए मार्ग के सभी तत्व विद्यमान हैं। महात्मा गांधी द्वारा दिखाया गया मार्ग और उनका दर्शन आज की परिस्थितियों में भी बहुत अधिक प्रासंगिक है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में सादगी पूर्ण जीवन, स्वदेशी तथा हस्त-शिल्प को अपनाते हुए, भारत दृढ़ संकल्प और आत्मविश्वास के साथ प्रगति के मार्ग पर निरंतर अग्रसर है।

सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाने के लिए दल गठित कर चलाया गया व्यापक अभियान

भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार एवं लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह के निर्देश पर प्रदेश की सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाने के उद्देश्य से दल गठित कर एक व्यापक अभियान चलाया गया, जिसका सत्यापन करने की दृष्टि से वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। इसके आधार पर सड़कों का मरम्मत कार्य 7 दिवस में सुनिश्चित करवाया गया। साथ ही निरीक्षण के दौरान जिन संभागों में सड़कों पर अधिक गड्ढे पाये गये उनसे संबंधित कार्यपालन यंत्रियों एवं ठेकेदारों को नोटिस जारी किये गये। प्रदेश में 7 से 22 अगस्त तक 15 दिवसीय व्यापक अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य प्रदेश की सड़कों की स्थिति का निरीक्षण कर उनकी मरम्मत के लिए आवश्यक कदम उठाना था। लोक निर्माण विभाग द्वारा अभियान का सत्यापन करने की दृष्टि से अधीक्षण यंत्री स्तर के अधिकारियों को 9 से 15 सितम्बर तक विभिन्न जिलों में सड़क निरीक्षण करने के निर्देश दिए थे, जिसकी रिपोर्ट 18 सितम्बर को प्रस्तुत की गई। रिपोर्ट के अनुसार निरीक्षण अभियान के दौरान, 15 अधीक्षण यंत्रियों की टीम ने प्रदेश में 10 हजार 645 किलोमीटर सड़कों का रैंडम आधार पर औचक निरीक्षण किया। इसमें कुल 1,362 गड्ढे चिन्हित किए गए, जबकि 57 किलोमीटर सड़कों की डामर की ऊपरी सतह क्षतिग्रस्त पाई गई। इसके अतिरिक्त 8.80 किलोमीटर लंबाई की सड़कें जल निकासी की कमी के कारण खराब हुई। अभियान के तहत चिह्नित गढ्ढों एवं सड़कों का मरम्मत कार्य 7 दिवस की अवधि में सुनिश्चित कराया गया।

प्रो. सिंघई देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर के कुलगुरु नियुक्त

भोपाल, राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री मंगुभाई पटेल ने देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर के कुलगुरु के पद पर प्रोफेसर राकेश सिंघई को नियुक्त किया है। यूनिवर्सिटी इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, (राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय) शिवपुरी के निदेशक प्रोफेसर सिंघई का देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर के कुलगुरु के पद पर कार्यकाल उनके कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से चार वर्ष की कालावधि अथवा 70 वर्ष की आयु जो भी पूर्वतर हो, रहेगा।

पेसा ग्राम सभाओं में 'सबकी योजना-सबका विकास' अभियान

भोपाल, देश की सभी पेसा ग्राम पंचायतों में 2 अक्टूबर से 'सबकी योजना-सबका विकास' अभियान प्रारंभ किया गया। इस अभियान में पेसा ग्राम पंचायतों को विकास के लिये अपनी जरूरतों के मुताबिक योजना बनाने के लिये प्रोत्साहित किया जायेगा। पेसा अधिनियम की महत्ता को देखते हुए केन्द्रीय पंचायती राज मंत्रालय एक उत्कृष्टता केन्द्र स्थापित करने की दिशा में तेजी से काम कर रहा है। यह सेंटर संभवत: किसी केन्द्रीय जनजातीय विश्विविद्यालय में स्थापित किया जायेगा। नई दिल्ली के डॉ. अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र में गत 26 सितम्बर को पेसा एक्ट पर हुए राष्ट्रीय सम्मेलन में यह जानकारी दी गई।

सम्मेलन मे केंद्रीय पंचायती राज राज्यमंत्री प्रो. एस.पी. सिंह बघेल ने कहा कि अनुसूचित क्षेत्रों में पेसा की सफलता के लिए शासन में महिलाओं का सशक्तिकरण और सक्रिय भागीदारी सर्वोपरि है। आदिवासी समुदायों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त धन, बुनियादी ढांचा और बेहतर जीवन स्तर, स्वास्थ्य और शिक्षा तक पहुंच बेहद जरूरी है। हम सबके लिए उज्ज्वल और अधिक समावेशी भविष्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए केन्द्रीय जनजातीय मामलों के राज्य मंत्री श्री दुर्गादास उइके ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जनजातीय समुदायों के उत्थान और इन्हें विकास की मुख्यधारा में लाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। श्री उइके ने उम्मीद जताई कि पेसा ग्राम सभाओं के पदाधिकारियों के लिए पंचायती राज मंत्रालय के क्षमता निर्माण प्रयासों से वे अपने अधिकारों और जिम्मेदारियों से परिचित हो सकेंगे।

मुख्यमंत्री ने मैहर में हुई दुर्घटना पर किया शोक व्यक्त

भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मैहर जिले में हुई सड़क दुर्घटना में यात्रियों की असमय मृत्यु पर शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि यात्रियों के असमय काल कवलित होने का समाचार अत्यंत दु:खद एवं हृदय विदारक है। इस भीषण सड़क हादसे में 9 यात्रियों की मृत्यु की पुष्टि हुई है, जबकि एक अत्यंत गंभीर हालत में है। उल्लेखनीय है कि मैहर जिले में ट्रक और उत्तरप्रदेश की यात्री बस के बीच भीषण टक्कर होने से यह हादसा हुआ।

पत्रकार निष्पक्ष खबर से समाज में अपनी विश्वसनीयता को मजबूत करें

भोपाल, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट (इंडिया) की राष्ट्रीय पदाधिकारी बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज के दौर में पत्रकारिता के क्षेत्र में तेजी से बदलाव आ रहा है। इस दौर में कई कारणों से पत्रकारों की निष्पक्षता पर सवाल खड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि बदलते दौर में भी पत्रकार अपनी निष्पक्ष खबरों से जनता में अपनी विश्वसनीयता और मजबूत कर सकते हैं। इस मौके पर संगोष्ठी के माध्यम से 'मीडिया के बदलते परिदृश्य और चुनौतियों' के संबंध में विचार विमर्श किया गया।

श्री विजयवर्गीय ने कहा कि लोकतंत्र के जरिये समाज में सभी को समान अधिकार मिले हैं। इस वजह से पत्रकारों के अधिकारों की भी सीमा है। उन्होंने कहा कि प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के साथ सोशल मीडिया का भी विस्तार हुआ है। इस विस्तार में खबरों की जिम्मेदारी को लेकर समाज में खतरे भी बढ़े हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि पत्रकार स्वयं अपने मानक तैयार कर समाज में आदर्श प्रस्तुत करें। मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि देश की आजादी के बाद नवगठित सरकारों ने देश में तुष्टिकरण को बढ़ाया है। इससे समाज में असमानता का माहौल निर्मित हुआ। वर्ष 2014 के बाद प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने देशहित में धारा 370 को समाप्त कर एक महत्वपूर्ण फैसला लिया। उन्होंने कहा कि संविधान के माध्यम से देश के प्रत्येक राज्य के नागरिकों को एक समान अधिकार दिये गये हैं।

आयुष्मान योजना आम आदमी के लिये वरदान

भोपाल, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री श्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने प्रशासनिक अकादमी भोपाल में आयुष्मान योजना उन्मुखीकरण कार्यशाला को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना 'निरामयम' आम आदमी के लिए वरदान साबित हो रही है। अब आम नागरिक भी उच्च स्तरीय आधुनिक चिकित्सा सेवाएं प्राप्त कर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर पा रहे हैं।

राज्यमंत्री ने कहा कि सहज रूप से आम नागरिक आयुष्मान योजना का लाभ उठा सकें, इसके लिए उन्हें सही जानकारी की आवश्यकता है। यह जरूरी है कि आम नागरिक को उसकी चिकित्सकीय समस्या अनुसार उचित एम्पैनल्ड हॉस्पिटल की जानकारी सहजता से मिले, ताकि वे आसानी से योजना का लाभ प्राप्त कर सकें।

लोक स्वास्थ्य राज्यमंत्री श्री नरेंद्र शिवाजी पटेल कार्यशाला को संबोधित करते हुए

मुख्य कार्यपालन अधिकारी (आयुष्मान) डॉ. योगेश भरसट ने आयुष्मान भारत योजना जागरूकता पखवाड़े में की गयी गतिविधियों, योजना द्वारा प्रदत्त हितलाभ, योजना के विस्तार के नवीन आयाम, कार्ययोजना और बेहतर क्रियान्वयन के लिये किए जाने वाले नवाचारों की जानकारी दी। डॉ. भरसट ने बताया कि आयुष्मान योजना से स्वास्थ्य सेवाओं के प्रदाय, एबीडीएम अंतर्गत स्वास्थ्य जानकारी का डिजिटलीकरण, हेल्थ वेलनेस सेंटर के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं तक सहज पहुंच उपलब्ध कराई जाएगी।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

महिला सुरक्षा पर विशेष जागरूकता अभियान मैं हूँ "अभिमन्यु" का हुआ शुभारंभ

भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर मध्यप्रदेश पुलिस महिला सुरक्षा शाखा द्वारा समाज में महिलाओं एवं बालिकाओं के विरुद्ध हो रहे अपराधों एवं हिंसा की रोकथाम और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 'मैं हूँ अभिमन्यु' अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत विशेष रूप से पुरुषों को जागरूक किया जाएगा।

स्वयंसेवी संस्था एवं शासकीय विभाग रहेंगे शामिल

इस अभियान में तीन अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक सहयोग, सम्मान और समानता की थीम पर सर्वव्यापी जागरूकता अभियान पूरे प्रदेश में संचलित किया जा रहा है। अभियान में नुक्कड़ नाटक, प्रश्नावली, लघु फिल्म, पोस्टर्स और जनजागरूकता रैली आयोजित की जा रही है। इसमें सभी जिलों के पुलिस अधीक्षक स्टॉफ, स्वयंसेवी संस्थाओं सहित शासकीय विभागों का सहयोग लिया गया है। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में पूरे देश में स्वच्छता पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में मुख्यमंत्री के निर्देश पर यह अभियान मानसिक स्वच्छता के लिए दस दिवसीय अनूठा अभियान है। इसमें सभी वर्ग उत्साह से भाग ले रहे हैं।

अभियान का उद्देश्य

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बाल्यकाल से ही पुरुषों में लैंगिक समानता एवं एक दूसरे के प्रति सम्मान की भावना जागृत करना, महिलाओं के प्रति विशेष सम्मान की भावना जाग्रत की जाकर महिला अपराधों के प्रति संवेदनशील बनाना, शिक्षा के माध्यम से विभिन्न अपराधों की जानकारी दी जाकर उनके दुष्परिणाम से अवगत कराना, समय-समय पर बालकों के क्रियाकलापों का आकलन किया जाकर उनको दुष्परिणामों से अवगत कराना, प्रारंभिक अवस्था से ही प्रत्येक महिला के प्रति सम्मान एवं आदर का दृष्टिकोण रखने हेतु प्रोत्साहित किया जाना, युवा वर्ग को महिला अधिकारों के प्रति अवगत कराया जाकर महिलाओं को अपने विचार रखने की स्वतंत्रता एवं उनके विचारों के प्रति सम्मानजनक भाव रखने की शिक्षा दी जाना तथा वर्तमान में तकनीकों के माध्यम से समाज में जो अश्लीलता व्याप्त है उससे दूर किया जाकर शिक्षा, संस्कारों पर जोर दिया जाना है।

प्रदेशभर में आयोजित होंगी विभिन्न गतिविधियां

अभियान के दौरान इन दस दिनों में पूरे प्रदेश में वाद-विवाद प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, स्लोगन, समूह चर्चा, लघु फिल्मों का प्रदर्शन एवं मैराथन दौड़ का आयोजन होगा। जिले के प्रमुख स्थानों जैसे- रेलवे स्टेशन, बस स्टेण्ड, पर्यटन स्थल, तहसील कार्यालय, कलेक्टर कार्यालय, शापिंग मॉल आदि स्थानों पर अभिमन्यु शुभंकर के कट-आउट के सेल्फी प्वाइंट लगाए गये हैं। अभिमन्यु वैज, अभिमन्यु स्टीकर विभिन्न प्रतिभागियों को प्रदान किये जाएंगे।

महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा

लाड़ली बहनों को लघु उद्योगों से जोड़कर आर्थिक लाभ दिलवाएं - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रालय में महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित किया

भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रालय में महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यों और योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया भी उपस्थित थीं।

बैठक में मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि लाड़ली बहनों को लघु उद्योग और व्यवसाय की गतिविधियों से जोड़ा जाए। हुनरमंद लाड़ली बहनों को चिह्नित कर लघु उद्योगों से जोड़ा जाएगा तो उनके आर्थिक उन्नयन का मार्ग प्रशस्त होगा। हितग्राही बहनों को यह लाभ दिलवाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में आंगनवाड़ी केंद्रों के निर्माण कार्य में सीएसआर फंड का उपयोग किया जाए।

आंगनवाड़ी केंद्रों को व्यवस्थित और सुविधाजनक बनाने के लिए प्राप्त जन सहयोग सराहनीय है। बैठक में जनजातीय बहुल क्षेत्र में आंगनवाड़ी केंद्रों को अधिक प्रभावी बनाने के संबंध में भी चर्चा हुई। प्रदेश में 97 हजार 339 आंगनवाड़ी केंद्रों का संचालन किया जा रहा है। इनसे 81 लाख महिलाएं और बच्चे लाभान्वित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने मिशन वात्सल्य सहित विभिन्न कार्यक्रम की सतत मॉनिटरिंग के निर्देश दिए।

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में मध्यप्रदेश अग्रणी

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में मध्यप्रदेश देश में अव्वल है। वर्ष 2024-25 में प्रदेश में 2 लाख 46 हजार 185 हितग्राही पंजीकृत हैं। योजना शुरू होने से अब तक 1191 करोड़ रुपये की राशि का भुगतान हितग्राहियों को किया गया है। मुख्यमंत्री ने मिशन वात्सल्य के तहत फोस्टर केयर की मॉनिटरिंग के निर्देश दिए।

फैक्ट फाइल

युवाओं को रोज़गार देने में मध्यप्रदेश बना देश में नंबर वन

मध्यप्रदेश अब रोज़गार देने वाले राज्यों में देश में सबसे आगे है। पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे 2023-24 के अनुसार प्रदेश में बेरोज़गारी दर घटकर मात्र 1.0 प्रतिशत रह गयी है। केंद्र सरकार के सांख्यिकी तथा कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी किये गये श्रम शक्ति सर्वेक्षण के आंकड़ों के मुताबिक प्रदेश अब रोज़गार देने में भी सिरमौर बन गया है।

यह विगत दो दशकों से मध्यप्रदेश सरकार के सतत् किये गये प्रयासों से संभव हुआ है। प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल विकास और स्टार्टअप के लिये प्रभावी कार्य हुए, कृषि क्षेत्र में नवाचार और किसान हितैषी योजनाओं ने अन्नदाता को समृद्ध किया है।

कृषि क्षेत्र में रोज़गार की संभावनाओं ने आकार लिया है। प्राथमिक क्षेत्र के अलावा द्वितीयक और तृतीयक क्षेत्र उद्योग, व्यवसाय और सेवा क्षेत्र में प्रदेश ने तेज गति से विकास किया है। इससे प्रदेशवासियों को बड़ी संख्या में रोज़गार प्राप्त हुआ है।

प्रदेशवासियों को आत्मनिर्भर बनाने और रोज़गार को लेकर ग्रामीण तथा शहरी दोनों ही क्षेत्रों में प्रयास किये गये हैं। सरकार की योजनाएं, साथ, सहयोग और संबल से मध्यप्रदेश की श्रम शक्ति ने रोज़गार पाया है।

मध्यप्रदेश योजनाओं के निर्माण, क्रियान्वयन और नवाचारों के लिए जाना जाता है। विभिन्न क्षेत्रों में होने वाले नवाचारों और कार्यों का परिणाम है कि मध्यप्रदेश ने रोज़गार के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की और रोज़गार देने में देश में नंबर वन बन गया है।

मध्यप्रदेश में रोज़गार तथा श्रमिकों के वेतन और शिक्षा स्तर में अभूतपूर्व वृद्धि


मध्यप्रदेश में
घटी बेरोज़गारी
दर
कुल बेरोज़गारी दर घटकर हुई 1.0%
ग्रामीण क्षेत्रों में 0.5%
शहरी क्षेत्रों में 2.8%
युवाओं में 0.9%
प्रदेश की बेरोज़गारी दर देश की औसत बेरोज़गारी दर 3.2 से 3 गुना कम
प्रदेश घटती बेरोज़गारी दर में अग्रणी राज्य
पंजाब, हरियाणा, महाराष्ट्र, दिल्ली से बेहतर है।

पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे के अनुसार

मध्यप्रदेश की बेरोजगारी दर 1 प्रतिशत से भी कम है। सूची में दूसरे नंबर पर गुजरात में 1.1 प्रतिशत है। तीसरे नंबर पर झारखंड 1.3 प्रतिशत है।

प्राथमिक, द्वितीयक तथा तृतीयक क्षेत्र

- कृषि क्षेत्र में कार्यरत पुरुषों का 50.8 तथा महिलाओं का प्रतिशत 73.5 है।
- द्वितीयक तथा तृतीयक क्षेत्र अर्थात् उद्योग, व्यवसाय और सेवा क्षेत्र में 49.2 प्रतिशत पुरुष तथा 26.5 प्रतिशत महिलाएं कार्यरत हैं।
- कृषि के अतिरिक्त श्रम शक्ति के अंतर्गत 68.2 प्रतिशत श्रमिक स्वरोज़गार में तथा 31.8 प्रतिशत श्रमिक वेतन आधारित रोज़गार में नियोजित हैं।

शिक्षा

- प्रदेश ने प्राथमिक से लेकर उच्चतर शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से कदम बढ़ाये हैं।
- प्रदेश के लगभग 60 प्रतिशत बच्चे हायर सेकेंडरी से अधिक शिक्षित हैं।
- लगभग 90.09 प्रतिशत विद्यार्थी राज्य के ही संस्थानों से तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।

स्वरोज़गार

- प्रदेश में 80.8 प्रतिशत व्यक्ति स्वयं के प्रतिष्ठान, मालिकाना रूप से कार्यरत हैं।
- प्रदेश में 76.5 प्रतिशत महिलाओं के स्वयं के प्रतिष्ठान और संस्थान हैं।
- स्वयं, मालिकाना हक में कार्यरत कुल संख्या की दृष्टि से राज्य सर्वोच्च स्थान पर है।

युवा वर्ग

- 15 से 19 वर्ष के युवाओं में शहरी क्षेत्रों में बेरोज़गारी की दर मात्र 3.0 प्रतिशत और ग्रामीण क्षेत्रों में मात्र 0.5 प्रतिशत है।
- शिक्षित वर्ग को रोज़गार के पर्याप्त अवसर हैं, बेरोज़गारी दर मात्र 2.8 प्रतिशत है।

श्रमिक कल्याण

- राज्य में श्रमिक की औसत आय 379 रुपये प्रतिदिन।
- शहरी क्षेत्रों में श्रमिक की औसत आय 400 तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 376 रुपये प्रतिदिन है।
- मध्यप्रदेश में श्रमिक की औसत आय गुजरात (358 रुपये), महाराष्ट्र (357 रुपये), पश्चिम बंगाल (363 रुपये), ओडिशा (358 रुपये) से अधिक है।

- हितेश शर्मा

(लेखक सम-सामयिक विषयों पर लेखन करते हैं)

लेखिका झुम्पा लाहिड़ी

नोगुची म्यूजियम से नहीं लेंगी अवॉर्ड

भारतीय मूल की लेखिका झुम्पा लाहिड़ी ने न्यूयॉर्क के नोगुची म्यूजियम से अवॉर्ड लेने से इंकार कर दिया है। उन्होंने केफियेह पर प्रतिबंध लगाए जाने पर नाराजगी जताते हुए यह फैसला लिया। हालांकि, म्यूजियम का कहना है कि नई ड्रेस कोड पॉलिसी में केफियेह पर प्रतिबंध लगाया गया है। म्यूजियम ने केफियेह (काले या सफेद कपड़े) पहनने के आरोप में तीन कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया था। इसके बाद विवाद बढ़ गया।

मार्गरेट मैरित्ज

दादी ने मनाया 118वां जन्मदिन

दक्षिण अफ्रीका की मार्गरेट मैरित्ज 118 साल की हो गई हैं। मैरित्ज की बड़ी बेटी गेट्रीडा 81 और दूसरी बेटी लिज डेनियल 67 साल की हैं। मैरित्ज का जन्म 27 सितंबर 1906 को हुआ था। अगर जन्म प्रमाण-पत्र मान्य हो जाए, तो मैरित्ज दुनिया की सबसे बुजुर्ग टोमिको इटूका से अधिक उम्र की हो जाएंगी। इस उम्र में भी मार्गरेट चटपटे भोजन की प्रशंसक हैं।

मेटा एआई

वॉट्सएप पर अब बोलकर देगा जवाब

मेटा ने वॉट्सएप पर एआई असिस्टेंट में वॉयस तथा फोटो एडिटिंग सुविधाएं जोड़ी हैं। इससे रियल टाइम में मेटा एआई से बात कर सकेंगे। इसके लिए दुनिया भर की मशहूर हस्तियों की आवाजों में से चुनने का विकल्प भी होगा। इसके अलावा फोटो-एडिटिंग की मदद से बैकग्राउंड से अजनबी को हटा सकेंगे।

फ्रेंड्स शो

नीलामी में 5.4 लाख रुपये में बिका मैथ्यू पेरी का स्वेटर

फ्रेंड्स शो की लोकप्रियता दुनियाभर में आज भी उतनी ही है, जितनी 30 साल पहले थी। फ्रेंड्स के 1994 प्रीमियर की 30वीं वर्षगांठ का जश्न मनाने एनिवर्सरी नीलामी का आयोजन किया गया था। नीलामी का आयोजन लॉस एंजेलिस के जूलियन्स ऑक्शन्स नामक नीलामी घर द्वारा कराया गया था। इसमें शो के मुख्य किरदारों द्वारा पहने गए कपड़े और शो में इस्तेमाल होने वाले फर्नीचर समेत 110 वस्तुएं उपलब्ध थीं। मैथ्यू पेरी का शो में पहना गया स्वेटर भी नीलामी का मुख्य आकर्षण रहा। पेरी द्वारा पहना गया एक नीला स्वेटर है। इसे उन्होंने चैंडलर बिंग का किरदार निभाते हुए द वन विद द हॉलिडे आर्माडिलो नामक एपिसोड में पहना था। यह स्वेटर 5.4 लाख रुपये में नीलाम हुआ है, जो इसकी अनुमानित कीमत से 6 गुना अधिक है। इस स्वेटर को मैथ्यू ने 2 अन्य एपिसोड के दौरान भी पहना था।

यूनान

पहली बार कैरेटा कछुओं का प्रजनन बढ़ा

यूनान में लुप्तप्राय कैरेटा प्रजाति के कछुओं ने समुद्र तट पर इस बार सबसे ज्यादा 1200 नेस्ट बनाए हैं। समुद्री कछुए प्रजनन काल में अंडे देने के लिए नेस्ट बनाते हैं। जीव संरक्षण कार्यकर्ताओं ने कहा कि कैरेटा कछुए पृथ्वी पर 10 करोड़ साल से अस्तित्व में हैं। ये समुद्री घास और शैवाल खाते हैं और समुद्र की रेत के घर बनाकर उसमें छिपे रहते हैं।

रिया सिंघा

जीता मिस यूनिवर्स इंडिया का ताज

जयपुर में आयोजित पैजेंट इवेंट में 19 वर्षीय रिया सिंघा को मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 का ताज पहनाया गया। गुजरात की रिया ने 51 अन्य प्रतिभागियों को पीछे छोड़ते हुए खिताब हासिल किया। वह इस साल के अंत में मैक्सिको में होने वाली मिस यूनिवर्स 2024 प्रतियोगिता में भारत को रिप्रेजेंट करेंगी। रिया जीएलएस यूनिवर्सिटी गुजरात में बैचलर ऑफ आर्ट्स की छात्रा हैं। उनको संगीत के अलावा मॉडलिंग के क्षेत्र में कॅरियर बनाना पसंद है।

मुक्तेश परदेशी

तुर्किये में भारत के राजदूत नियुक्त

अनुभवी राजनयिक मुक्तेश कुमार परदेशी को तुर्किये में देश का नया राजदूत नियुक्त किया गया है। तुर्किये पश्चिम एशिया समेत क्षेत्रीय संघर्षों के समाधान में एक प्रभावशाली वार्ताकार देश के रूप में उभरा है। भारतीय विदेश सेवा के 1991 बैच के अधिकारी परदेशी अभी विदेश मंत्रालय में सचिव के पद पर कार्यरत हैं। विदेश मंत्रालय का कहना है कि उनके जल्द ही कार्यभार संभालने की उम्मीद है। परदेशी पिछले साल सितंबर में जी20 शिखर सम्मेलन की भारत की सफल मेजबानी में अहम भूमिका निभाने वाले शीर्ष अधिकारियों के एक समूह के अहम सदस्य रहे। साथ ही यूक्रेन संघर्ष पर गहरे मतभेदों को दूर करते हुए नेताओं के घोषणा पत्र पर सहमति बनाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही।

अभिनेता चिरंजीवी

सर्वाधिक डांस मूव्स का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया

अभिनेता चिरंजीवी का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया है। उन्हें 156 फिल्मों में 537 गानों पर 24,000 डांस मूव्स के लिए यह सम्मान दिया गया। हैदराबाद में हुए समारोह में अभिनेता आमिर खान ने उन्हें रिकॉर्ड का सर्टिफिकेट दिया। चिरंजीवी ने कहा, डांस के लिए सम्मानित होना शानदार है। डांस ने मुझे स्टार बनाया। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने चिरंजीवी को बधाई देते हुए कहा, तेलुगु सिनेमा में उनका योगदान बेमिसाल है।

हरिनी अमरसूर्या

श्रीलंका की प्रधानमंत्री बनीं

हरिनी अमरसूर्या ने श्रीलंका की नई प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। इसके साथ ही वह वर्ष 2000 में सिरीमावो भंडारनायके के बाद इस पद पर आसीन होने वाली दूसरी महिला नेता बन गईं। उन्होंने 1991 से 1994 तक दिल्ली यूनिवर्सिटी में समाजशास्त्र की पढ़ाई की है। वे कैंपस में आयोजित स्पर्धाओं में भाग लेती थीं। छात्र जीवन में हरिनी छात्रों के बीच लोकप्रिय रही हैं।

आलोक रंजन

एनसीआरबी के प्रमुख बने

भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के वरिष्ठ अधिकारी आलोक रंजन को राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) का प्रमुख नियुक्त किया गया, जबकि आईपीएस अमित गर्ग को हैदराबाद स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी (एसवीपीएनपीए) का प्रमुख नियुक्त किया गया। मध्यप्रदेश कैडर के 1991 बैच के आईपीएस अधिकारी रंजन को 30 जून, 2026 को उनकी सेवानिवृत्ति तक के कार्यकाल के लिए एनसीआरबी के निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है।

मीरा मुराती

ओपन एआई की सीटीओ ने इस्तीफा दिया

चैट जीपीटी को बनाने वाली कंपनी ओपन एआई के टॉप 3 टेक्नीकल लीडर्स ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इसमें चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर मीरा मुराती, वाइस प्रेसिडेंट-रिसर्च बैरेट जोफ और चीफ रिसर्च ऑफिसर बॉब मैकग्रे शामिल हैं। मुराती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा- ओपन एआई टीम के साथ मेरे साढ़े 6 साल एक एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी प्रिविलेज रहे हैं। मैं इसलिए पद छोड़ रही हूं, क्योंकि मैं अपने खुद के एक्सप्लोरेशन के लिए टाइम और स्पेस क्रिएट करना चाहती हूं। को-फाउंडर ऑल्टमैन ने लिखा- हर चीज के लिए धन्यवाद मीरा। यह कहना मुश्किल है कि मीरा ओपन एआई, हमारे मिशन और व्यक्तिगत रूप से हम सभी के लिए कितना मायने रखती हैं।

फीफा ने

लीगल हैंडबुक 2024 संस्करण प्रकाशित किया

विश्व फुटबॉल की नियामक संस्था फीफा ने लीगल हैंडबुक का 2024 संस्करण प्रकाशित किया, जिसमें दुनियाभर के फुटबॉल समुदाय को कानूनी सहायता प्रदान करने के लिए नवीनतम् नियम, वैधानिक दस्तावेज और परिपत्र शामिल हैं। विश्व फुटबॉल शासी निकाय ने 2020 में पहले संस्करण के बाद से हर साल कानूनी पुस्तिका प्रकाशित की है। नए संस्करण में फुटबॉल संगठनों और मैचों पर लागू सभी नियमों और कानूनों में हालिया परिवर्तन और संशोधन शामिल हैं। अन्य प्रासंगिक दस्तावेजों के अलावा, कानूनी पुस्तिका के 2024 संस्करण में फीफा के नियमों के अद्यतन संस्करण, खिलाड़ियों की स्थिति और स्थानांतरण पर विनियम, तथा महिला खिलाड़ियों और कोचों के लिए नियामक ढांचा शामिल हैं।

लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना कोनाथ और लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा ए.

दुनिया का चक्कर लगाएंगी दो जांबाज

नौसेना की दो जांबाज अधिकारी लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना कोनाथ और लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा ए. नौकायन पोत तारिणी में दो अक्टूबर को समुद्र के रास्ते दुनिया का चक्कर लगाने के असाधारण मिशन पर निकल गयीं। नौसेना उपप्रमुख वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन ने दिल्ली में इस अभियान के बारे में जानकारी दी। दोनों अधिकारी गोवा में आईएनएस मंडोवी से इस चुनौतीपूर्ण अभियान पर रवाना हुईं। यह जोड़ी बिना किसी बाहरी सहायता के केवल पवन ऊर्जा पर निर्भर होकर 21,600 समुद्री मील (लगभग 40,000 किमी) से अधिक की दूरी आठ महीने में तय करेगी।

एयर मार्शल एसपी धारकर

वायु सेना के उपप्रमुख बने

वायु सेना के फाइटर पायलट एयर मार्शल एसपी धारकर को एयरफोर्स का अगला उप प्रमुख (वाइस चीफ) नियुक्त किया गया है। वे मौजूदा उप प्रमुख एयर मार्शल एपी सिंह की जगह लेंगे, जिन्हें वायु सेना प्रमुख बनाया गया है। धारकर को 3600 घंटे से भी ज्यादा उड़ान का अनुभव है।

हारुन लोर्गट

अमेरिका की राष्ट्रीय क्रिकेट लीग के आयुक्त बने

अमेरिका की राष्ट्रीय क्रिकेट लीग (एनसीएल) ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के पूर्व सीईओ हारुन लोर्गट को अपना आयुक्त नियुक्त किया है। इस लीग का उद्देश्य अमेरिका में क्रिकेट को लोकप्रिय बनाना है। पूर्व प्रथम श्रेणी क्रिकेटर लोर्गट ने 2008 से 2012 तक आईसीसी के सीईओ के रूप में कार्य किया।

स्मृति शेष

पद्मश्री से सम्मानित महिला किसान पप्पाम्मल का निधन

कोयंबटूर जिले की प्रसिद्ध महिला जैविक किसान एवं पद्मश्री से सम्मानित पप्पाम्मल का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उन्होंने 109 वर्ष की उम्र में अंतिम सांस ली। उनका पूरा जीवन कृषि और समाज सेवा को समर्पित रहा।

श्रीलंका के पूर्व मंत्री कुमार वेलगामा का निधन

श्रीलंका के पूर्व मंत्री और कलूटारा के पूर्व सांसद कुमार वेलगामा का निधन हो गया। उन्होंने 74 वर्ष की आयु में राजधानी कोलंबो के एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। पूर्व मंत्री कुमार वेलगामा 2020 से न्यू लंका फ्रीडम पार्टी के नेता रहे हैं और समागी जन बालवेगया के साथ चुनाव लड़े। वेलगामा 1984 से 2000 के बीच अगालावटे निर्वाचन क्षेत्र में श्रीलंका फ्रीडम पार्टी के मुख्य आयोजक थे। वेलगामा 2007 से 2010 तक औद्योगिक विकास मंत्री और 2010 से 2015 तक एसएलएफसी के नेतृत्व वाली सरकार में परिवहन मंत्री थे।

'भूल भुलैया 3' के प्रोडक्शन डिजाइनर रजत पोद्दार का कॉर्डियक अरेस्ट से निधन

फिल्म 'भूल भुलैया 3' के प्रोडक्शन डिजाइनर रजत पोद्दार का निधन हो गया है। रजत के निधन की खबर से फिल्म इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ गई। रजत पोद्दार का निधन लंदन में कॉर्डियक अरेस्ट के कारण हुआ है। वे 'हाउसफुल 5' की टीम का हिस्सा थे, जो लंदन, स्पेन और फ्रांस समेत यूरोप के कई शहरों और देशों में शूटिंग कर रही है। लंदन में उनके निधन के समय उनकी पत्नी उनके साथ थीं।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

संशोधित मात्रा अनुसार गेहूं-चावल का उठाव करें पात्र हितग्राही

भोपाल, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि शासन द्वारा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजनांतर्गत सम्मिलित पात्र हितग्राहियों को अक्टूबर माह से खाद्यान्न वितरण में (गेहूं और चावल) में परिवर्तन किया गया है। कुछ जिलों में गेहूं तो कुछ जिलों में चावल की मात्रा में बदलाव किया गया है।

खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि अक्टूबर माह से अंत्योदय हितग्राही को प्रदेश के भोपाल, सागर, उज्जैन, विदिशा, इंदौर झाबुआ, सहित 26 जिलों में 24 किलोग्राम गेहूं और 11 किलोग्राम चावल कुल 35 किलोग्राम खाद्यान्न प्रति परिवार प्रदान किया जायेगा, वहीं 1 जिले श्योपुर में 22 किलोग्राम गेहूं और 13 किलो चावल प्रदाय किया जायेगा। इसके अलावा 16 जिलों में 21 किलोग्राम गेहूं और 14 किलोग्राम चावल की मात्रा प्रदान की जायेगी।

प्रदेश के 5 जिलों में 20 किलोग्राम गेहूं और 15 किलोग्राम चावल दिया जाएगा, जबकि 3 जिलों में 15 किलोग्राम गेहूं और 20 किलोग्राम चावल दिया जायेगा। श्री राजपूत ने बताया कि प्रदेश के 4 जिलों में 14 किलोग्राम गेहूं और 21 किलोग्राम चावल पात्र हितग्राहियों को प्रदान किया जायेगा।

श्री राजपूत ने बताया कि उसी प्रकार प्राथमिक परिवार को प्रति सदस्य के हिसाब से प्रदेश के 7 जिलों में 4 किलोग्राम गेहूं और 1 किलोग्राम चावल प्रदाय किया जायेगा। जबकि 40 जिलों में 3 किलोग्राम गेहूं और 2 किलोग्राम चावल पात्र हितग्राहियों को वितरित किया जायेगा। इसके अलावा 8 जिलों में 2 किलोग्राम गेहूं और 3 किलोग्राम चावल यानी 5 किलोग्राम प्राथमिक परिवार को अक्टूबर माह के लिए खाद्यान्न आवंटित किया गया है।

राजधानी में 24 किलोग्राम गेहूं और 11 किलोग्राम चावल मिलेगा

जिला आपूर्ति नियंत्रक, भोपाल मीना मालाकार ने बताया कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना में शामिल पात्र हितग्राहियों को संशोधन उपरांत जो आवंटन मिला है उसमें भोपाल जिले के अंत्योदय हितग्राही को प्रति परिवार 24 किलोग्राम गेहूं और 11 किलोग्राम चावल प्रदान किया जायेगा। प्राथमिकता वाले परिवार को प्रति सदस्य 4 किलोग्राम गेहूं और 1 किलोग्राम चावल कुल 5 किलोग्राम का खाद्यान्न माह अक्टूबर से वितरित किया जाना है।

विवाह पूर्व कुंडली मिलान से ज्यादा जरूरी है सिकल सेल कार्ड का मिलान

भोपाल, राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने शासकीय कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय के छात्रावास में आयोजित सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग शिवर को संबोधित किया। राज्यपाल ने कहा कि स्वस्थ पीढ़ी के लिए विवाह पूर्व जन्म कुंडली मिलान से ज्यादा जरूरी सिकल सेल जेनेटिक काउंसलिंग कार्ड का मिलान करना है, क्योंकि यदि सिकल सेल रोगी और वाहक आपस में विवाह करते हैं, तो निश्चित ही उनकी सन्तान सिकल सेल रोग से ग्रसित होगी। यदि पति-पत्नी दोनों इस रोग के वाहक हैं, तो भी उनकी भावी सन्तान सिकल सेल से प्रभावित होगी, इसकी ज्यादा संभावना रहती है। राज्यपाल श्री पटेल ने सिकल सेल एनीमिया रोगियों को अपने खान-पान का विशेष ध्यान रखने और अपने घर का पका भोजन ही करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि ऐसे व्यक्ति अपनी दिनचर्या में नियमित पौष्टिक आहार, योग और व्यायाम को शामिल करें।

राज्यपाल ने कहा कि सिकल सेल एनीमिया की रोकथाम के लिए गर्भधारण के पूर्व और गर्भावस्था में भी मेडिकल काउंसलिंग बहुत जरूरी है। अब जन्म के 72 घंटों में सिकल सेल का पता लगने पर नवजात शिशुओं के विशेष उपचार की सुविधाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार मिलकर सिकल सेल एनीमिया के उन्मूलन के लिए विशेष प्रयास कर रही हैं। राज्यपाल श्री पटेल ने संबंधित विभागों को सिकल सेल स्क्रीनिंग के लिए लक्षित प्रत्येक व्यक्ति की अत्यंत गंभीरता से स्क्रीनिंग कराने के निर्देश दिए।

सिकल सेल जागरूकता के लिए बेटियां आगे आयें

राज्यपाल ने कहा कि भारतीय संस्कृति में मातृ-शक्ति का विशेष महत्व है। सिकल सेल उन्मूलन के लिए बेटियों का योगदान जरूरी है। उन्होंने कहा कि सिकल सेल जागरूकता के लिए बेटियां आगे आयें और अपने करीबियों, रिश्तेदारों व आस-पड़ौस के लोगों को इस रोग के बारे में बताएं और रक्त की जांच कराने को कहें। राज्यपाल श्री पटेल ने उपस्थित जनों से अपील की कि सिकल सेल रोग के लक्षण, रोकथाम और उन्मूलन के प्रयासों में हर व्यक्ति सक्रिय योगदान करे। मानवता की सेवा के इस पुनीत कार्य के प्रति हमेशा संवेदनशील रहें।

नर्स हर महीने विद्यार्थियों की जांच करें

जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. शाह ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश के सिकल सेल उन्मूलन मिशन में राज्यपाल श्री पटेल की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। श्री शाह ने जनजातीय हितों के लिए राज्यपाल श्री पटेल के मार्गदर्शन में राजभवन में स्थापित किए गए 'जनजातीय प्रकोष्ठ' की मुक्त-कंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि राज्यपाल श्री पटेल जनजातीय वर्ग के प्रति अत्यंत ही संवेदनशील हैं। श्री पटेल के प्रयासों से ही प्रदेश में सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन का कार्य मिशन मोड पर तेजी से जारी है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से हम ऐसी व्यवस्था कर रहे हैं कि प्रदेश के प्रत्येक अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों के सभी छात्रावासों में एक नर्स हर महीने जायेगी और छात्रावासी बच्चों के रक्त की जांच करेगी।

मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी श्री पिथोड़े की पुस्तक का किया विमोचन

दिल्ली, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, के निदेशक श्री तरुण कुमार पिथोड़े की पुस्तक 'मास्टर योर डेस्टिनी-लैसंस फ्रॉम लोहानी' का नई दिल्ली में विमोचन किया। इस अवसर पर भारतीय रेलवे सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी श्री अश्वनी लोहानी भी उपस्थित थे, जिनके सार्वजनिक प्रशासन और प्रबंधन में उल्लेखनीय कॅरियर और जीवन से यह पुस्तक प्रेरित है।

'मास्टर योर डेस्टिनी-लेसंस फ्रॉम लोहानी' श्री पिथोड़े द्वारा लिखी हुई छठवीं पुस्तक हैं। यह पुस्तक प्रबंधन के विविध पहलुओं को अनोखे ढंग से प्रस्तुत करती है। पुस्तक में श्री लोहानी द्वारा विभिन्न स्तरों पर आई चुनौतियों का बखूबी सामना करने के जिक्र के साथ-साथ उनके वरिष्ठों, मित्रों, सहकर्मियों और कनिष्ठों के अनुभवों और फीडबैक पर प्रकाश डाला गया है। उनके द्वारा विभिन्न संगठनों को सफलता की नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए अपनाई गई रणनीतियों का भी वर्णन इस पुस्तक में है।

श्री पिथोड़े द्वारा लिखी गई यह पुस्तक पूर्व अधिकारी श्री लोहानी के सुदीर्घ अनुभवों को समेटे हुए भावी अधिकारियों और कॉर्पोरेट जगत को बेहतर प्रबंधन की विशिष्ट सीख देती है।

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम
कार्यालय परियोजना यंत्री
संभाग क्र. -1, भदभदा रोड, भोपाल
क्र. 1203 /तशा/प.यं./2024 **दिनांक : 30.09.2024**

प्रेस विज्ञप्ति

इस कार्यालय द्वारा अशोक नगर जिले में बाह्य विद्युतीकरण कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा क्रमांक 2024_MPPHC_373271_1 दिनांक 12.10.2024 समय सायं 17:00 बजे तक खरीदी जा सकती है। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/116727/2024 R-50128/2024 **परियोजना यंत्री**

म.प्र. पुलिस हाउसिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड
कार्यालय परियोजना यंत्री
डी-5/2, एम.आय.जी., महाश्वेता नगर, इस्कॉन मंदिर के सामने, उज्जैन (म.प्र.), Email : mpphcl_ujjain@yahoo.in
फोन नं. 0734-2527715, मोबा. 9406808103
क्र. 1222 /पय/मप्रपुहाइडेकालि/24/उज्जैन दिनांक : 03.10.2024

निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 17/2024-25 (द्वितीय आमंत्रण) (अल्पावधि निविदा)

मध्यप्रदेश पुलिस हाउसिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड, संभाग उज्जैन के अंतर्गत निविदा क्रमांक 17/2024-25 दिनांक 03.10.2024 के अंतर्गत सी.एम. राइज स्कूल जीवाजीगंज उज्जैन के ध्वस्तीकरण योग्य भवनों के ध्वस्तीकरण कार्य की ऑनलाइन निविदा आईडी क्र. 2024_MPPHC_373608 आमंत्रित की गई है।

निविदा प्रपत्र ऑनलाइन दिनांक 14.10.2024 17.00 बजे तक प्रस्तुत किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal: https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/116710/2024 R-50126/2024 **परियोजना यंत्री**

APPOINTMENTS A leading college of Indore invites applications for selection under College Code 28 with AICTE/UGC norms.

- CHIEF CO-ORDINATOR ADMISSIONS
- MANAGER ADMISSION & PROMOTION
- SENIOR COUNSELOR
- COUNSELOR
- SR. MARKETING EXEC. Experienced Candidates Preferred.
- TELECALLER (F)

PRINCIPAL, PROFESSOR, HOD, ASSO. PROFESSOR, ASST. PROFESSOR

Subject: Management (HR, Finance, Marketing), Business Analytics, Commerce, Taxation, IT (Computer Skills), Business Statistics, Business Maths, Economics, Sociology, Political Science, History, English, Hindi, Personality Development.

NON-TEACHING STAFF

Training & Placement Officer, IT Manager, Cashier, Front Office Manager, Back Office Manager, Front Office Executive, Supervisor, Junior Supervisor, Librarian, Asst. Librarian, Book Lifter, Computer Operator, Housekeeping Agency.

hrradiantinstitute@gmail.com 79098 88803, 90390 30741

RADIANT INSTITUTE OF MANAGEMENT & SCIENCE | Near Phoenix Citadel Mall Indore-Dewas Bypass Road, Nipania, Indore - 452016

R-50136/2024

मध्यप्रदेश जल निगम मर्यादित
8, अरेरा हिल्स, जेल रोड, भोपाल-402004
Ph. : 0755-2579034, 2579874, Fax : 0755-2579873
Web.www.mpjaleigam.mp.gov.in, E-mail : mpjalnigam@mp.gov.in
CIN : U41000MP2012SGC828798/2012
क्र. 23937/72/स्था./म.प्र.ज.नि.मर्या./2023 भोपाल, दिनांक : 04.10.2024

विज्ञप्ति

11. अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि वे अपने दस्तावेज **दिनांक 18.10.2024 तक** निम्न पते पर भेजना सुनिश्चित करें

प्रति,

सचिव,
मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, रेसीडेंसी एरिया,
इंदौर

अभ्यर्थी अपने अभिलेख के लिफाफे पर **सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) परीक्षा-2022 के साक्षात्कार हेतु** अभिलेख अवश्य लिखें।

जी-17180/50134/2024 **उप परीक्षा नियंत्रक**

MPIDC एमपी इण्डस्ट्रीयल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लि.

क्षेत्रीय कार्यालय, टी.व्ही. टावर के पास, उद्योग भवन, कटंगा, जबलपुर (म.प्र.)

द्वितीय निविदा सूचना

क्रमांक-एमपी आईडीसी/क्षे.का.ज./तक./2024/3372 **जबलपुर, दिनांक : 26.09.2024**

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पोर्टल **mptender.gov.in-MPIDC RO Jabalpur** के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

कार्य का विवरण	ब्यानाराशि रु.	निविदा प्रपत्र शुल्क	कार्य की राशि	कार्यावधि
औद्योगिक विकास केन्द्र बोरगांव जिला पांर्डुना में 100 एम.एम. डीआई पाईप के प्रदाय एवं स्थापना का कार्य।	रु. 0.23 लाख	रु. 5900.00 जीएसटी सहित	रु. 22.78 लाख	06 माह वर्षाकाल सहित

किसी भी निविदा या समस्त निविदायें बिना कारण बताये निरस्त/स्वीकृत करने, निविदा की तिथि बढ़ाने का अधिकार निगम के कार्यकारी संचालक के पास सुरक्षित है। टेंडर डाक्यूमेंट उपरोक्त ई प्रोक्योरमेंट पोर्टल **mptender.gov.in** के माध्यम से निर्धारित तिथि तक डाउनलोड किये जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/116655/2024 R-50125/2024 **कार्यकारी संचालक**

क्रमांक 2715001/2014/ई.डी.पी./ई-टेंडरिंग/406/1504

कार्यालय प्रमुख अभियंता

जल संसाधन विभाग, जल संसाधन भवन, तुलसी नगर, भोपाल

ई मेल- mpwrdetenders@gmail.com, edpcell.encwrd.bpl@mp.gov.in

फोन- 0755-2553402 फैक्स- 0755-2552406

निविदा सूचना क्रमांक- 584/2715001/ई.डी.पी./2021-22/प्र.अ./ई-टेंडरिंग **भोपाल, दिनांक : 27.09.2024**

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र वेबसाइट पर दिनांक 14.10.2024 को 17:30 बजे तक क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

स.क्र.	निविदा क्रमांक	कार्य का नाम	जिला	राशि रु. लाख में
1	2024_WRD_367204	तवा कॉलोनी टिमरनी अंतर्गत एफ-1 क्वाटर का मरम्मत कार्य।	हरदा	3.19
2	2024_WRD_367205	तवा परियोजना की हंडिया शाखा नहर प्रणाली के गोंदागांव उपनहर अंतर्गत फाल आर.डी. 2590 मी. का मरम्मत कार्य।	हरदा	3.14
3	2024_WRD_367206	तवा परियोजना की हंडिया शाखा नहर प्रणाली अंतर्गत श्रमिकों द्वारा सी.आर. एवं एच.आर. गेटों के संचालन एवं संधारण का कार्य।	हरदा	16.48
4	2024_WRD_367721	वि./यां. एफ.ओ.एम. उपसंभाग छिन्दवाड़ा हेतु उपयोगिता वाहन किराये पर लेना।	बालाघाट	3.03
5	2024_WRD_368638	तवा परियोजना की हंडिया शाखा नहर प्रणाली की हरदा उपनहर की आर.डी. 37035 कि.मी. एवं 38970 मी. पर सी.डी. का मरम्मत कार्य।	हरदा	3.56
6	2024_WRD_370299	सीटी 85 क्रमांक 13 एवं के 7बी (सीटी 85) क्रमांक 1बी के सुधार कार्य हेतु। कलपुर्जों का प्रदाय।	भोपाल	0.62
7	2024_WRD_370301	सीटी 85 क्रमांक 13 एवं के 7बी (सीटी 85) क्रमांक 1बी के सुधार कार्य हेतु।	भोपाल	1.07
8	2024_WRD_370327	जमोनिया बाजयत, झागर, नरेला, हरमु बीलापाटी एवं पाडलिया बैराजों का सर्वे कार्य।	सीहोर	2.50
9	2024_WRD_370335	सोनकच्छ, सेमरादागी, रायपुरा, पानविहार-2, खण्डवा का सर्वे कार्य।	सीहोर	2.10
10	2024_WRD_370337	भाऊखेड़ा बैराज का सर्वेक्षण कार्य।	सीहोर	0.42
11	2024_WRD_370533	सीहोर जिले की नवीन प्रस्तावित जेटला (बी.आर.) वृहद परियोजना का सर्वेक्षण कार्य।	सीहोर	8.35
12	2024_WRD_370552	पनागर (तिन्दनी) लघु जलाशय शीर्ष कार्य के बांध व वेस्ट वियर की जंगल-झाड़ी स्ट्रक्चर की सिल्ट की साफ सफाई रखरखाव, पिचिंग एवं मरम्मत कार्य।	जबलपुर	1.67
13	2024_WRD_370675	मडोर स्टॉप डेम का सर्वे का कार्य।	निवाड़ी	0.42
14	2024_WRD_371327	कुंदरखापा बैराज के स्टाप डेम के एम.एस. शटर खोलने एवं बंद करने का कार्य।	नर्मदापुरम	0.87
15	2024_WRD_371328	गोधना टेंक के 2 नं. स्केप गेट तैयार कर लगाने का कार्य।	नर्मदापुरम	0.77
16	2024_WRD_371620	राजीव सागर परियोजना बांयी तट मुख्य नहर की झारिया माईनर का सर्वे कार्य।	बालाघाट	4.39
17	2024_WRD_371622	राजीव सागर परियोजना बांयी तट मुख्य नहर की जराहमोगांव माईनर का सर्वे कार्य।	बालाघाट	6.33
18	2024_WRD_371627	कोलार परियोजना की दांयी मुख्य नहर की आर.डी. 8950 मी. से 9150 मी. तक मरम्मत एवं लाईनिंग तथा आर.डी. 11300 मी. पर फाल का पुनर्निर्माण कार्य।	सीहोर	19.98
19	2024_WRD_371635	कोलार परियोजना की दांयी मुख्य नहर की राला वितरिका में आर.डी. 1725 मी. से 3430 मी. तक मरम्मत एवं लाईनिंग एवं मरम्मत का कार्य।	सीहोर	10.03
20	2024_WRD_371640	कोलार परियोजना की दांयी मुख्य नहर की कोसमी माईनर की लाईनिंग एवं मरम्मत का कार्य।	सीहोर	19.99
			कुल योग	**108.91**

जी-16954/50111/2024 **मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)**

कार्यालय मुख्य अभियंता (भोपाल परिक्षेत्र)
लोक निर्माण विभाग, भोपाल (म.प्र.)

ईमेल :- cepwdcapital@mp.nic.in, दूरभाष/फैक्स क्रमांक :- 0755-2551403

निविदा सूचना

निविदा सूचना क्र. 21/सा/01/विविध/2019 (वर्ष 2024) **भोपाल, दिनांक : 30.09.2024**

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र. एवं कार्य का नाम :– 1. मसनगांव हण्डिया व्हाया दोमनमउ रेल्वा अजनास मार्ग लं. 28.50 कि.मी. का निर्माण।

टेण्डर क्रमांक	जिला	कार्य का प्रकार	आमंत्रण क्र.	कार्य की अनु. राशि (रु. लाख में)	रिमार्क
2024_PWDRB_373146_1	हरदा	प्लान	प्रथम	4434.38	ईएमडी/समस्त दस्तावेज केवल ऑनलाइन प्रस्तुत किये जाने हैं।

क्र. एवं कार्य का नाम :– 2. नया भोपाल संभाग भोपाल के अधिनस्थ उपसंभाग क्र.-3 के अंतर्गत ई-1 से ई-4, 60 फीट चौड़ी रोड, सी.ए.पी.टी. 45 बंगलो, माइनर रोड नं.1 से 6, लिंक रोड नं. 3 एवं शिवाजी नगर पहुंच मार्ग लंबाई 38.04 कि.मी. भोपाल गैरेज पहुंच मार्ग का बी.टी. रिनीवल।

2024_PWDRB_373155_1	भोपाल (नया भोपाल संभाग)	बी.टी. नवीनीकरण	प्रथम	1217.92	ईएमडी/समस्त दस्तावेज केवल ऑनलाइन प्रस्तुत किये जाने हैं।

क्र. एवं कार्य का नाम :– 3. बंगरसिया भोजपुर फोर लाइन मार्ग लंबाई 7.00 कि.मी. का निर्माण कार्य।

2024_PWDRB_373156_1	रायसेन	प्लान	प्रथम	3495.70	ईएमडी/समस्त दस्तावेज केवल ऑनलाइन प्रस्तुत किये जाने हैं।
	योग -			**9148.00**	

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम तिथि 16.10.2024 (17.30) बजे** निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

मुख्य अभियंता

जी-17115/50120/2024 **लोक निर्माण विभाग, भोपाल परिक्षेत्र भोपाल**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
कार्यालय कार्यपालन यंत्री, उज्जैन संभाग-उज्जैन
माधवराव सप्रे मार्ग, (मुख्य मार्ग क्रमांक-03) भोपाल (म.प्र.) 462003

नि.आं.सू. क्र.-06/एन.एच.एम./उ.सं./2024-25/1105 **भोपाल, दिनांक : 30.09.2024**

प्रथम आमंत्रण निविदा सूचना

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संभाग-उज्जैन की ओर से निम्नलिखित कार्य संपादित करने के लिये निविदा पोर्टल ऑनलाइन (निविदा ई-टेण्डरिंग के माध्यम) से **www.mptenders.gov.in** (Department of Directorate of Health Services) 03 लिफाफा पद्धति से प्रपत्र ''अ'' फार्म में परसेंटेज बेसिस पर उपयुक्त श्रेणी में पंजीबद्ध ठेकेदारों हेतु प्रोजेक्ट डायरेक्टर पीआईयू लोक निर्माण विभाग भोपाल द्वारा जारी भवन एवं विद्युत कार्य हेतु एसओआर 01.01.2024 (निविदा सूचना जारी होने तक किये गये समस्त संशोधनों सहित) दरों पर आमंत्रित की जाती है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है :–

ई-निविदा अल्प आमंत्रण सूचना क्रमांक-06/2024-25 (प्रथम आमंत्रण)

सरल क्रमांक	निविदा क्रमांक	जिला का नाम	विकासखण्ड का नाम	संस्था की संख्या	अनु. लागत राशि रु. लाख में
1.	2024_DHS_373264	उज्जैन	घट्टिया	01	795.48

1. कार्य से संबंधित एन.आई.टी. वेबसाइट **(http://www.mptenders.gov.in)** पर देखी जा सकती है।
2. निविदा प्रपत्र ऑनलाइन **दिनांक 07.10.2024 प्रातः 10.30 से दिनांक 21.10.2024** सायं 17.30 तक क्रय किये जा सकते हैं।
3. धरोहर राशि स्टेट हेल्थ सोसायटी, एन.एच.एम. भोपाल के पक्ष में देय होगी।
4. एन.आई.टी. में कोई भी संशोधन होने की स्थिति में वेबसाइट **(http://www.mptenders.gov.in)** पर प्रकाशित किया जावेगा, समाचार पत्रों में नहीं।
5. उपरोक्त निविदा को किसी भी स्तर पर निरस्त करने के अधिकार विभाग के पास सुरक्षित है।

कार्यपालन यंत्री

जी-17130/50121/2024 **राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संभाग-उज्जैन**

कार्यालय प्रमुख अभियंता
जल संसाधन विभाग, भोपाल

ईमेल - cetender.wrdmp@gmail.com, फोन - 0755-2767635, फैक्स - 0755-2552406

निविदा सूचना क्रमांक- 1101/2024-25/प्रमुख अभियंता/ई-टेंडरिंग/ **भोपाल, दिनांक : 27.09.2024**

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 28.10.2024 को 17.30 बजे** तक क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

स. क्र.	निविदा क्र.	कार्य	जिला	लागत (लाख)
1.	2024_WRD_372311	**टर्न की पद्धति पर :–** पोहरी में सरकुला बांध के जलभराव के अंतर्गत पोहरी पिपरघार सड़क एवं पोहरी मंडी सड़क पर 2 नग उच्च स्तर के पुलों का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं।	शिवपुरी	1703.46
2.	2024_WRD_372312	**टर्न की पद्धति पर :–** बोकरो सूक्ष्म सिंचाई योजना का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं।	सीधी	4460.00
3.	2024_WRD_372313	**टर्न की पद्धति पर :–** कबूलपुर (कमरदीपुर) मध्यम परियोजना अंतर्गत प्रेशराईज्ड पाइप सिस्टम द्वारा 3100 हेक्टेयर सिंचाई प्रणाली का निर्माण कार्य एवं लखुन्दर नदी पर गागोनरी बैराज (गेट सहित) कुल जल भराव क्षमता 3.22 मि. घ.मी. के निर्माण संबंधी सभी कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं।	शाजापुर	7342.33

जी-17191/50131/2024 मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)

कार्यालय मुख्य अभियंता (भवन)
लोक निर्माण विभाग परिक्षेत्र ग्वालियर (म.प्र.)

दूरभाष - 0751-4008851, Email : apdpiugwalior@gmail.com

निविदा सूचना क्रमांक : 09/2024/सा./एपीडी/ग्वालियर दिनांक 01.10.2024

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रित की जाती है।

क्र. एवं कार्य का नाम :– 1. कार्यपालन यंत्री (भवन) लोक निर्माण विभाग भिण्ड के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों हेतु बाहरी विद्युतीकरण कार्य के लिये जोनल टेण्डर। प्रथम आमंत्रण।

ऑनलाइन निविदा क्रमांक	जिला	ठेके की अनु. लागत लाख में	अमानत राशि रु.	निविदा फार्म का मूल्य रु.	कार्य पूर्ण करने के लिये समय
2024_PWPIU_373738_1	भिण्ड	50.00 लाख	50000/-	10000/-	12 माह

क्र. एवं कार्य का नाम :– 2. लहार जिला भिण्ड में उपतहसील कार्यालय सुरपुरा जिला भिण्ड में एस.डी.एम. कार्यालय हेतु गोदरेज कम्पनी का फर्नीचर सप्लाई कार्य। द्वितीय आमंत्रण

2024_PWPIU_373722_1	भिण्ड	22.00 लाख	44000/-	5000/-	02 माह

क्र. एवं कार्य का नाम :– 3. कार्यपालन यंत्री (भवन) लोक निर्माण विभाग भिण्ड के अंतर्गत ठेकेदार द्वारा छोड़े गये कार्य एवं परफॉरमेंस गारंटी के कार्य (जोनल टेण्डर)। प्रथम आमंत्रण

2024_PWPIU_373730_1	भिण्ड	99.00 लाख	99000/-	10000/-	12 माह

क्र. एवं कार्य का नाम :– 4. लोक निर्माण विभाग (भवन) शिवपुरी के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों हेतु प्रोजेक्ट मैनेजमेंट एवं कंसल्टेंसी सर्विसेस का कार्य।

2024_PWPIU_373290_1	शिवपुरी	10167.90 लाख	203360/-	15000/-	24 माह

क्र. एवं कार्य का नाम :– 5. शिवपुरी जिला शिवपुरी में जेल में 2 बैरिक (1 डबल स्टोरी) का निर्माण कार्य। प्रथम आमंत्रण

2024_PWPIU_373241_1	शिवपुरी	117.96 लाख	10000/-	2000/-	12 माह

क्र. एवं कार्य का नाम :– 6. कार्यपालन यंत्री (भवन) लोक निर्माण विभाग शिवपुरी के अंतर्गत ठेकेदार द्वारा छोड़े गये कार्य एवं परफॉरमेंस गारंटी के कार्य (जोनल टेण्डर)। प्रथम आमंत्रण

2024_PWPIU_373463_1	शिवपुरी	90.00 लाख	90000/-	10000/-	12 माह

क्र. एवं कार्य का नाम :– 7. पिछोर तहसील एवं खरई, ठर्रा एवं करैरा जिला शिवपुरी में संयुक्त तहसील एवं उप तहसील, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय में गोदरेज इंटीरियर फर्नीचर की आपूर्ति हेतु। प्रथम आमंत्रण

2024_PWPIU_373321_1	शिवपुरी	114.64 लाख	114640/-	12500/-	03 माह

क्र. एवं कार्य का नाम :– 8. शिवपुरी जिला शिवपुरी में शासकीय विधि महाविद्यालय का निर्माण कार्य। प्रथम आमंत्रण

2024_PWPIU_373268_1	शिवपुरी	1132.25 लाख	1000000/-	30000/-	24 माह

क्र. एवं कार्य का नाम :– 9. लोक निर्माण विभाग (भवन) संभाग शिवपुरी अंतर्गत भवन निर्माण कार्यों के डी.पी.आर. कार्य हेतु ड्राइंग डिजाइन एवं डी.पी.आर. कार्य। प्रथम आमंत्रण

2024_PWPIU_373310_1	शिवपुरी	20.00 लाख	40000/-	5000/-	12 माह

(1) निविदा से संबंधित डॉक्यूमेंट Website : **https://mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

(2) निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन पोर्टल पर ऑनलाइन किये जावेंगे, समाचार पत्रों में पृथक से प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

(3) ऑनलाइन निविदा सब्मिट करने की **अंतिम दिनांक 16.10.2024**

(4) तकनीकी बिड खोलने का दिनांक 18.10.2024

मुख्य अभियंता (भवन)

जी-17171/50133/2024 **लोक निर्माण विभाग परिक्षेत्र, ग्वालियर**

कार्यालय प्रमुख अभियंता
जल संसाधन विभाग, भोपाल

ई मेल- ce.tender.wrdmp@gmail.com

फोन- 0755-2767635 फैक्स- 0755-2552406

निविदा सूचना क्रमांक- 1100/2024-25/प्रमुख अभियंता/ई-टेंडरिंग **भोपाल, दिनांक : 27.09.2024**

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 25.10.2024 को 17:30 बजे तक** क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

स. क्र.	निविदा क्रमांक	कार्य	जिला	लागत (लाख)
1	2024_WRD_370736	अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त उटीला टैंक, बेहटा एवं बहादुरपुर नहर प्रणाली का मरम्मत कार्य।	ग्वालियर	307.34
2	2024_WRD_372155	अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त हरसी उच्च स्तरीय नहर प्रणाली 72.00 कि.मी. से 102.35 कि.मी. तक एवं शीतला माता ब्रांच कैनाल सिस्टम का मरम्मत कार्य।	ग्वालियर	565.28
3	2024_WRD_372158	अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त हरसी उच्च स्तरीय नहर प्रणाली 0.00 कि.मी. से 72.00 कि.मी. तक का मरम्मत कार्य।	ग्वालियर	393.09
4	2024_WRD_372159	अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त हरसी नहर प्रणाली का मरम्मत कार्य।	ग्वालियर	293.87
5	2024_WRD_372302	बेगड़ा तालाब का आर.आर.आर. के अंतर्गत नहर लाईनिंग एवं स्ट्रक्चर मरम्मत का शेष निर्माण कार्य।	अलीराजपुर	105.69
6	2024_WRD_372303	लहार शाखा नहर के अंतर्गत आने वाली नहरों एवं माइनरों के वार्षिक रखरखाव एवं मरम्मत का कार्य।	भिण्ड	33.99
7	2024_WRD_372304	**टर्नकी पद्धति पर :-** मछरेवा नदी पर बकोरी देवनगर वियर (गेट सहित) का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं।	जबलपुर	267.14
8	2024_WRD_372306	सम्राट अशोक सागर परियोजना में पिचिंग का कार्य।	विदिशा	32.95
9	2024_WRD_372307	सम्राट अशोक सागर परियोजना के बांध स्थल पर सीमेंट कंक्रीट रोड एवं बांध के डाउन स्ट्रीम में पिचिंग का मरम्मत कार्य।	विदिशा	347.33
10	2024_WRD_372308	**टर्नकी पद्धति पर :-** भैरा लघु सिंचाई तालाब अंतर्गत बांध एवं नहर का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं।	छतरपुर	822.25
11	2024_WRD_372309	तवा बांयी तट मुख्य नहर की चैन क्रं. 20 से 26 चैन क्रं. 70 से 74 एवं चैन क्रं. 115 से 121 तक बैंक मरम्मत एवं बिटूमिनस जियोमेम्ब्रेन लाईनर कार्य।	इटारसी	240.91
12	2024_WRD_372310	ठानी लघु जलाशय का विशेष मरम्मत कार्य।	बैतूल	32.65

जी-16979/50113/2024 मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)

जॉब अलर्ट

रेलवे भर्ती बोर्ड्स

पद का नाम - स्नातक पदों के लिए रिक्तियां (मुख्य वाणिज्यिक सह टिकट पर्यवेक्षक, स्टेशन मास्टर, मालगाड़ी प्रबंधक, कनिष्ठ खाता सहायक सह टंकक, वरिष्ठ लिपिक सह टंकक), पूर्वस्नातक पदों के लिए रिक्तियां (वाणिज्यिक सह टिकट लिपिक, लेखा लिपिक सह टंकक, कनिष्ठ लिपिक सह टंकक और रेलगाड़ी लिपिक)
पदों की संख्या - 11558
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - स्नातक पदों के लिए 13 अक्टूबर और पूर्वस्नातक पदों के लिए 20 अक्टूबर 2024
वेबसाइट - https://rrcb.gov.in

राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान

पद का नाम - सहायक अनुभाग अधिकारी (हिन्दी अनुवादक), तकनीकी सहायक ग्रेड-II (कंसोल ऑपरेटर, जूनियर ड्रॉफ्टमैन), वरिष्ठ सचिवालय सहायक (सार्जेंट, स्टुअर्ड, आशुलिपिक), वरिष्ठ तकनीशियन (इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी), कनिष्ठ सचिवालय सहायक, तकनीशियन (आईटी), मल्टी टास्किंग स्टाफ, ड्रायवर।
पदों की संख्या - 22
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 15 अक्टूबर 2024
वेबसाइट - https://www.nitttrc.ac.in

दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति

पद का नाम - अपर निदेशक (वैज्ञानिक), वरिष्ठ वैज्ञानिक एल-II (वैज्ञानिक-डी), वरिष्ठ वैज्ञानिक एल-I (वैज्ञानिक-सी), पर्यावरण इंजीनियर, प्रधान निजी सचिव, अनुभाग अधिकारी, सहायक अनुभाग अधिकारी, आशुलिपिक ग्रेड-I, वैज्ञानिक सहायक और वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायक
पदों की संख्या - 32
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 10 अक्टूबर 2024
वेबसाइट - https://www.dpcc.delhigovt.nic.in

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान तिरुपति

पद का नाम - कुल सचिव, उप कुल सचिव, कनिष्ठ तकनीशियन
पदों की संख्या - 04
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 10 अक्टूबर 2024
वेबसाइट - https://www.iittp.ac.in

आर्मर्ड व्हीकल निगम लिमिटेड

पद का नाम - जूनियर मैनेजर (मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, सिविल, सूचना प्रौद्योगिकी, वित्त और लेखा, विपणन और निर्यात, पर्यावरण इंजीनियरिंग), डिप्लोमा तकनीशियन (इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, सीएनसी ऑपरेटर, गुणवत्ता और निरीक्षण, सूचना प्रौद्योगिकी, टूल डिजाइन), सहायक (स्टोर/एमएम/खरीद), जूनियर टेक्नीशियन (इलेक्ट्रीशियन, ग्राइंडर, मिलराइट)
पदों की संख्या - 81
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 11 अक्टूबर 2024
वेबसाइट - https://avnl.co.in

भारतीय संग्रहालय, कोलकाता

पद का नाम - हिन्दी अनुवादक, सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष, मोडलर, गाइड व्याख्याता (प्राणि विज्ञान)
पदों की संख्या - 04
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 14 अक्टूबर 2024
वेबसाइट - https://indianmuseumkolkata.org

राष्ट्रीय बहुदिव्यांगताजन सशक्तिकरण संस्थान

पद का नाम - प्रोफेसर (सलाहकार), एसोसिएट प्रोफेसर (सलाहकार)
पदों की संख्या - 13
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 11 अक्टूबर 2024
वेबसाइट - https://www.niepmd.tn.nic.in/recruitment

डिपार्टमेंट ऑफ स्पेस ऑर्गनाइजेशन

पद का नाम - चिकित्सा अधिकारी-एसडी, मेडिकल अधिकारी-एससी, वैज्ञानिक/इंजीनियर-एससी, तकनीकी सहायक, वैज्ञानिक सहायक, तकनीशियन-बी, ड्राफ्ट्समैन-बी, सहायक (राजभाषा)
पदों की संख्या - 103
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 09 अक्टूबर 2024
वेबसाइट - https://www.isro.gov.in/Careers

इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड

पद का नाम - सहायक प्रबंधक/गोपनीय
पदों की संख्या - 01
योग्यता - न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ किसी भी विषय में स्नातक
अंतिम तिथि - 11 अक्टूबर 2024
वेबसाइट - http://www.ircon.org

इंदिरा गांधी सेंटर ऑफ एटॉमिक रिसर्च

पद का नाम - ट्रेड अप्रेंटिस
पदों की संख्या - 198
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 13 अक्टूबर 2024
वेबसाइट - https://www.igcar.gov.in

विश्वविद्यालय चिकित्सा महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय

पद का नाम - जूनियर असिस्टेंट
पदों की संख्या - 29
योग्यता - किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड या संस्थान से 12वीं कक्षा उत्तीर्ण हो और हिन्दी तथा अंग्रेजी टाइपिंग का ज्ञान।
अंतिम तिथि - 09 अक्टूबर 2024
वेबसाइट - https://www.ucms.ac.in

एडमिशन अलर्ट

सैनिक स्कूल गोरखपुर

पाठ्यक्रम का नाम - कक्षा छठवीं और नौवीं
योग्यता - उक्त कक्षाओं में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा पास करना आवश्यक
अंतिम तिथि - 25 अक्टूबर 2024
वेबसाइट - https://upsainikschool.org

स्कॉलरशिप अलर्ट

निकान स्कॉलरशिप प्रोग्राम - 2024-25

संस्थान का नाम - निकान इंडिया
योग्यता- 12वीं कक्षा उत्तीर्ण तथा तीन माह या उससे अधिक अवधि वाले फोटोग्राफी से संबंधित पाठ्यक्रम की पढ़ाई करने वाले छात्र
छात्रवृत्ति राशि - एक लाख रुपये तक
अंतिम तिथि - 20 अक्टूबर 2024
वेबसाइट - https://www.nikon.co.in

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित)

हमारा जिला दतिया

शौर्य, वीरता और आध्यात्मिक दर्शनीय स्थलों की नगरी दतिया

मध्यप्रदेश विविधता से समृद्ध है। प्रदेश के हर क्षेत्र की अपनी विशेषता है, क्षमता है और दक्षता है। यहां का प्रत्येक जिला अपना इतिहास, कला, संस्कृति, परंपरा, उपज और अन्य क्षेत्रीय विशेषताएं लिए हुए है। 'रोज़गार और निर्माण' के हमारा जिला स्तम्भ में हम मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों से आपको परिचित करवा रहे हैं। इस अंक में प्रस्तुत है दतिया जिले का परिचय -

दतिया जिला मध्यप्रदेश के ग्वालियर संभाग में शामिल है। जिला मुख्यालय दतिया में है। भौगोलिक रूप से यह बुंदेलखंड क्षेत्र में है। यह नगर यदुवंशी क्षत्रिय बाहुल्य है। दतिया को लघु वृंदावन भी कहा जाता है। पुराना शहर एक पत्थर की दीवार से घिरा हुआ है, जिसमें सुंदर महल और उद्यान हैं। राजा वीर सिंह देव का 17वीं शताब्दी में बना महल उत्तर भारत की हिंदू वास्तुकला का एक अनुपम उदाहरण है।

दतिया नगर को 16वीं सदी में बुन्देलखण्ड के प्रतापी बुन्देला राजा वीर सिंह देव ने बसाया था। पहले यह मध्यप्रदेश राज्य में देशी रियासत थी। अब यह स्वतंत्र जिला है। यह उत्तर में भिंड एवं जालौन, दक्षिण में शिवपुरी एवं झांसी, पूर्व में समथर एवं झांसी तथा पश्चिम में ग्वालियर से घिरा है। सिंध एवं पहूज जिले की प्रमुख नदियां हैं। यहां की अधिकांश मिट्टी अनुपजाऊ है। यहां दलहन, गेहूं, ज्वार, कपास आदि की खेती की जाती है।

दतिया नगर झांसी से 16 मील दूर, झाँसी-ग्वालियर सड़क पर स्थित है। यहां कई प्राचीन महल, डाक बंगला, अस्पताल, कारागृह एवं अनेक शिक्षण संस्थाएं हैं। यहां का पीताम्बरा देवी शक्तिपीठ भारत के महत्वपूर्ण शक्तिपीठों में से एक है। प्रतिवर्ष यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिये आते हैं।

मुख्य आकर्षण

सोनगिरी के जैन मंदिर

सोनगिरी के मंदिर, जैन धर्म के दिगंबर सम्प्रदाय का पवित्र तीर्थस्थल है। मान्यता है कि इसी स्थान पर राजा नंगनाग ने अपने 15 मिलियन अनुयायियों के साथ मोक्ष प्राप्त किया था। भक्तगणों और संतों के बीच यहां के मंदिर बहुत लोकप्रिय हैं। वे यहां आत्मानुशासन का अभ्यास करते हैं। सोनगिरी की पहाड़ी पर 77 मंदिर और पास के गांव में 26 जैन मंदिर हैं। पहाड़ी पर बना 57 नंबर का मंदिर यहां का मुख्य मंदिर है। इस मंदिर में भगवान चन्द्रप्रभु की 11 फीट ऊंची आकर्षक प्रतिमा स्थापित है। यहां भगवान शीतलनाथ और पार्श्वनाथ की भी सुंदर प्रतिमाएं स्थापित हैं। सोनगिरी दतिया से 15 किलोमीटर की दूरी पर है।

गोविन्द महल

सात खंड का यह पूरा महल पत्थरों से बना हुआ है। गोविन्द महल को 1614 ई. में



राजा वीर सिंह देव ने बनवाया था। बुन्देला शासकों द्वारा बनवाई गई सबसे बेहतरीन इमारतों में इसकी गणना की जाती है। महल में आकर्षक भित्तिचित्र बने हुए हैं। महल में कुछ सुंदर मूर्तियां भी स्थापित की गई हैं और महल की ऊपरी मंजिल से आसपास के क्षेत्र का सुंदर नजारा देखा जा सकता है।

बालाजी सूर्य मंदिर

बालाजी सूर्य मंदिर दतिया मुख्यालय से 15 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।

यह मंदिर अति प्राचीन माना जाता है। कहा जाता है कि यह मंदिर प्रागैतिहासिक काल का है। तीर्थस्थल होने की वजह से दूर-दूर से लोग दर्शन के लिए आते हैं। मंदिर के निकट ही पवित्र जल का एक टैंक है। मान्यता है कि इस जल से स्नान करने पर तमाम दुख दर्द मिट जाते हैं। इस स्थान को बालाजी धाम के नाम से भी जाना जाता है।

राजगढ़ महल और संग्रहालय

पीताम्बरा पीठ के निकट बना राजगढ़ महल राजा शत्रुजीत बुन्देला द्वारा बनवाया गया था। यह महल बुन्देली भवन निर्माण शैली में बना है। इस स्थान पर ही एक संग्रहालय भी है जहां भौगोलिक और सांस्कृतिक महत्व की अनेक वस्तुओं का संग्रह है।

पीताम्बरा पीठ



पीताम्बरा पीठ देश का प्रसिद्ध 'शक्ति पीठ' है। श्री गोलोकबासी स्वामीजी महाराज ने इस स्थान पर 'बगलामुखी देवी' और 'धूमवती माई' की स्थापना की। पीताम्बरा पीठ का बनखंडेश्वर मंदिर शिव के महाभारत-कालीन मंदिर में से एक है।

दतिया जिले का परिचय एक नजर में

क्षेत्र : 2959 वर्ग किलोमीटर
आबादी : 786754
(वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार)
भाषा : हिंदी
पुरुष : 420157
महिला : 366597

बडोनी

यह स्थान छोटी बडोनी के नाम से जाना जाता है जो दतिया से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर है। यहां बहुत ही प्रसिद्ध हवेली है जहां बुन्देलखण्ड के प्रतापी राजा वीर सिंह देव का राज्याभिषेक हुआ था। यहां बौद्ध और जैन धर्म से संबंधित गुप्तकालीन मंदिर बने हुए हैं। साथ ही यह स्थान बुन्देली शैली में बने किले और हवेलियों के लिए भी लोकप्रिय है। यहीं पर गुप्त काल का एक मन्दिर भी है।

सनकुआं

दतिया से 70 किलोमीटर दूर यह स्थान सिंध नदी पर बने जलप्रपात के लिए प्रसिद्ध है। इसके अलावा कान्हागढ़ किला और नन्दनन्दन महल भी लोगों को आकर्षिक करता है। सिओंधा से 15 किलोमीटर की दूरी पर रतनगढ़ माता का मंदिर है जो एक घने जंगल में स्थित है।

भांडेर

भांडेर दतिया से 30 किलोमीटर दूर है। महाभारत काल में इस स्थान का नाम भंडकपुर था। यह स्थान सोन तलैया, लक्ष्मण मंदिर और प्राचीन किले के लिए प्रसिद्ध है।

लघु वृंदावन

लघु वृंदावन नाम से मशहूर दतिया शहर में अनेक खूबसूरत मंदिर बने हुए हैं। अवध बिहारी मंदिर, शिवगिर मंदिर, विजय राघव मंदिर, गोविन्द मंदिर और बिहारीजी मंदिर यहां के लोकप्रिय मंदिर हैं। श्रद्धालुओं का यहां हमेशा हुजूम लगा रहता है।

रतनगढ़ मंदिर

रतनगढ़ मंदिर रामपुरा गांव से 5 किलोमीटर और दतिया से 55 किलोमीटर दूर स्थित है। यह घने जंगल में, 'सिंध नदी के किनारे पर स्थित है। हर वर्ष भाई दूज (दीवाली के अगले दिन) माता और कुंवर महाराज के दर्शन करने के लिए लाखों भक्त यहां आते हैं। इस पवित्र स्थान पर ग्वालियर और दतिया से आसानी से पहुंचा जा सकता है।

छत्रियां

दतिया के शाही परिवारों ने अपने परिवार के मृतकों की स्मृति में छत्रियों का निर्माण किया है। इन्हें पवित्र कहानियों, मिथकों और किंवदंतियों के साथ विस्तृत स्मारकों से सजाया गया है। 18वीं और 19वीं शताब्दी में निर्मित छत्रियों का एक विशाल संकुल राज परिवार की एक यात्रा है।

- देवेन्द्र गोरे
(लेखक, सम-सामयिक विषयों पर लेखन करते हैं)

गुलवीर ने नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ जीता स्वर्ण पदक

निगाटा, भारत के दिग्गज एथलीट गुलवीर सिंह ने जापान में विश्व एथलेटिक्स उपमहाद्वीपीय टूर के अंतर्गत आयोजित योगिबो एथलेटिक्स चैलेंज कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। गुलवीर ने प्रतियोगिता में 5000 मीटर दौड़ में राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

गुलवीर ने स्पर्धा में 13 मिनट 11.82 सेकेंड के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। यह गुलवीर का इस स्पर्धा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। गुलवीर ने इससे पहले जनवरी 2024 में पोर्टलैंड ट्रैक फेस्टिवल में 13 मिनट 18.92 सेकेंड के साथ राष्ट्रीय रिकॉर्ड कायम किया था।

भारत ने ट्वेंटी-20 अंदाज में जीता टेस्ट मैच

घरेलू मैदान पर जीती 18वीं सीरीज

कानपुर, भारतीय क्रिकेट टीम ने टेस्ट क्रिकेट में नई सनसनी ला दी है। भारतीय टीम ने वर्षा बाधित टेस्ट मैच ट्वेंटी-20 अंदाज में खेला और महज ढाई दिन के खेल में बांग्लादेश को 7 विकेट से हराया। भारत की यह अपने घर में लगातार 18वीं टेस्ट सीरीज जीत है।

मैच में भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी की। मैच के पहले दिन बारिश के कारण महज 37 ओवर का खेल हो सका। इसके बाद दूसरा और तीसरा दिन बारिश की भेंट चढ़ गया। ऐसा लग रहा था कि मैच बेनतीजा रहेगा, लेकिन मैच के चौथे दिन भारतीय गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया और बांग्लादेश की पारी 233 रनों पर समेट दी। बांग्लादेश के लिए मोमिनुल हक ने 107 रनों की पारी खेली।

पहली पारी में भारतीय बल्लेबाजों ने तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी की। पारी के दौरान भारतीय टीम ने टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में सबसे तेज 50, 100, 150, 200 और 250 रन बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल ने पहले ओवर से ही तेजी से रन जोड़े। यशस्वी ने 72, के.एल. राहुल ने 68 और विराट कोहली ने 47 रनों की पारी खेली। भारतीय टीम ने महज 34.4 ओवरों में 285 रन बनाकर पारी घोषित की। पहली पारी में 52 रनों की बढ़त लेने के बाद भारतीय टीम ने दूसरी पारी में बांग्लादेश को 146 रनों पर समेट दिया। भारतीय टीम को जीत के लिए 95 रनों का लक्ष्य मिला। भारतीय टीम ने दूसरी पारी में भी आक्रामक बल्लेबाजी की और 17.2 ओवरों में लक्ष्य हासिल कर लिया। भारत के लिए जायसवाल ने 51 रनों की पारी खेली।

- रविंद्र जडेजा टेस्ट क्रिकेट में 300 विकेट लेने वाले विश्व के पहले लेफ्ट आर्म स्पिनर बने।
- यशस्वी जायसवाल टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज अर्धशतक (31 गेंद) बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज बने।
- भारतीय टीम ने एक भी मेडन ओवर खेले बिना टेस्ट मैच जीता, टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में यह दूसरा अवसर है।
- रविचंद्रन अश्विन ने टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा 11 बार प्लेयर ऑफ द सीरीज जीतने के मुथैया मुरलीधरन के रिकॉर्ड की बराबरी की।

विराट ने 27 हजार रन किए पूरे

भारतीय टीम के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने इस मैच के दौरान अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे तेज 27 हजार रन पूरे किए। वह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 27 हजार रन बनाने वाले चौथे बल्लेबाज हैं। उनसे पहले सचिन तेंदुलकर (34357), कुमार संगाकारा (28016) और रिकी पोंटिंग (27483) यह कारनामा कर चुके हैं।

नई राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी का हुआ उद्घाटन

बेंगलुरु, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बेंगलुरु में नई राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) का उद्घाटन किया। इसे बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस नाम दिया गया है। इस सेंटर में खिलाड़ियों को कई अत्याधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस केम्पगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के नजदीक 40 एकड़ भूमि पर विकसित किया गया है। इसमें तीन विश्व स्तरीय स्टेडियम और 86 पिच हैं। मुख्य स्टेडियम में 85 यार्ड की बाउंड्री है और 13 पिच हैं। वहीं ग्राउंड बी और सी में 75 यार्ड की बाउंड्री है।

कोलकाता नाइटराइडर्स के मेंटर बने ड्वेन ब्रावो

कोलकाता, वेस्टइंडीज के पूर्व क्रिकेटर ड्वेन ब्रावो आईपीएल टीम कोलकाता नाइडराइडर्स के मेंटर नियुक्त किए गए हैं। वह कोलकाता नाइटराइडर्स फ्रैंचाइजी की सभी टीमों के मेंटर होंगे। मेंटर बनाये जाने से पहले ब्रावो ने क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास ले लिया है। वर्ष 2021 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने वाले ब्रावो दुनियाभर की क्रिकेट लीगों में खेल रहे थे, आईपीएल में वह चेन्नई सुपर किंग्स का हिस्सा रह चुके हैं। ब्रावो ने अंतर्राष्ट्रीय और लीग स्तर पर 582 ट्वेंटी-20 मैच खेले हैं।

आईपीएल में अधिकतम छह खिलाड़ी रिटेन कर सकेंगी टीम

बेंगलुरु, दुनिया की सबसे लोकप्रिय और बड़ी क्रिकेट लीग आईपीएल की मेगा नीलामी से पहले आईपीएल गवर्निंग काउंसिल ने टूर्नामेंट की रिटेंशन संबंधित नियमावली साझा कर दी। काउंसिल ने खिलाड़ियों को रिटेन करने के नियमों में कई परिवर्तन किए हैं। बेंगलुरु में हुई आईपीएल गवर्निंग काउंसिल की बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रत्येक फ्रेंचाइजी अपनी पिछली टीम से अधिकतम छह खिलाड़ियों को रिटेन कर सकेगी। इनमें एक राइट टू मैच (आरटीएम) कार्ड भी शामिल होगा। आईपीएल गवर्निंग काउंसिल ने बताया कि प्रत्येक टीम पांच अंतर्राष्ट्रीय और एक अनकैप्ड खिलाड़ी को रिटेन कर सकती है।

आईपीएल गवर्निंग काउंसिल ने फ्रेंचाइजी टीमों की पर्स राशि भी 100 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 120 करोड़ कर दी है। यदि कोई फ्रेंचाइजी पूरे छह खिलाड़ियों को रिटेन करती है तो उसे टीम पर्स में से 75 करोड़ रुपये खर्च करने होंगे। काउंसिल ने बताया कि पहला रिटेंशन 18 करोड़ रुपये का होगा, जबकि दूसरा रिटेंशन 14 करोड़ रुपये, तीसरा रिटेंशन 11 करोड़ रुपये का होगा। अगर टीम चौथा और पांचवां रिटेंशन भी करती है तो यह 18 और 14 करोड़ रुपये का होगा।

अनकैप्ड खिलाड़ी के तौर पर खेलेंगे धोनी

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी आईपीएल-2025 में अनकैप्ड खिलाड़ी के तौर पर खेल सकते हैं। आईपीएल गवर्निंग काउंसिल ने अपने पिछले नियम को फिर से शामिल करने का निर्णय लिया है, इस निर्णय के तहत पांच वर्ष पहले भारतीय टीम से संन्यास लेने वाले खिलाड़ी नीलामी में बतौर अनकैप्ड खिलाड़ी शामिल या रिटेन हो सकेंगे। धोनी ने वर्ष 2019 में संन्यास लिया था।

इंग्लैंड में महिला क्रिकेटरों को मिलेगा समान वेतन

लंदन, इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने खेल में महिला और पुरुष क्रिकटरों में समानता लाने के लिए वर्ष 2025 से घरेलू महिला क्रिकेटरों को पुरुष क्रिकेटरों के बराबर वेतन देने की घोषणा की है। ईसीबी ने यह फैसला इंडिपेंडेंट कमीशन फॉर इक्विटी इन क्रिकेट (आईसीईसी) की रिपोर्ट के बाद लिया है। इस रिपोर्ट में महिला और पुरुष खिलाड़ियों के सेलेरी स्ट्रक्चर में बड़े बदलावों की सिफारिश की गई थी।

राफेल वराने ने फुटबॉल से लिया संन्यास

पेरिस, फ्रांस के दिग्गज खिलाड़ी राफेल वराने ने फुटबॉल से संन्यास लेने की घोषणा की है। वराने लगभग 10 वर्षों से फ्रांस की फुटबॉल टीम के लिए खेल रहे हैं। वह वर्ष 2018 में फीफा विश्वकप जीतने वाली फ्रांसीसी टीम के सदस्य थे। वर्ष 2013 में अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल में कदम रखने वाले वराने ने फ्रांस के लिए 93 मैच खेले हैं।

कार्लोस अलकराज ने जीता चाइना ओपन का खिताब

बीजिंग, स्पेन के स्टार टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अलकराज ने विश्व के नंबर वन टेनिस खिलाड़ी जेनिक सिनर को हराकर चाइना ओपन का खिताब अपने नाम किया। टूर्नामेंट में पुरुष एकल वर्ग के फाइनल में अलकराज ने सिनर को तीन सेटों के संघर्षपूर्ण मुकाबले में 6-7, 6-4, 7-6 से मात दी।

फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। सिनर ने पहले सेट में अलकराज को जबरदस्त टक्कर दी। सेट 6-6 से बराबर रहने के बाद टाइब्रेकर में गया। टाइब्रेकर में सिनर ने यह सेट अपने नाम किया। इसके बाद दूसरे सेट में अलकराज ने शानदार वापसी की और 6-4 सेट जीतकर स्कोर बराबर कर दिया। मैच के तीसरे और अंतिम सेट में एक बार फिर दोनों खिलाड़ियों के बीच शानदार खेल देखने को मिला। तीसरा सेट भी टाइब्रेकर में गया और अलकराज ने 7-6 से यह सेट अपने नाम किया।

इस जीत के साथ अलकराज ने सिनर के लगातार 14 मैचों के विजय अभियान को रोक दिया है। इस वर्ष अलकराज और सिनर के बीच तीन मुकाबले हुए हैं और तीनों मैचों में अलकराज ने जीत दर्ज की। सिनर के लिए यह मैच थोड़ा मुश्किल था, क्योंकि विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी (वाडा) ने कहा कि वह डोपिंग के मामले में सिनर को क्लीन चिट दिये जाने के निर्णय के खिलाफ अपील करेगी।

अंडर-17 सैफ चैम्पियनशिप

भारत ने लगातार दूसरी बार जीता खिताब

थिम्फू, भारत की युवा फुटबॉल टीम ने सैफ अंडर-17 फुटबॉल चैम्पियनशिप का खिताब अपने नाम किया है। भूटान में आयोजित इस टूर्नामेंट के फाइनल में भारत ने बांग्लादेश को रोमांचक मुकाबले में 2-0 से हराया। टूर्नामेंट में पूरे समय भारतीय टीम का दबदबा रहा। भारतीय टीम अपने पहले लीग मुकाबले में बांग्लादेश को 1-0 से और दूसरे मैच में मालदीव को 3-0 से हराकर सेमीफाइनल में पहुंची। सेमीफाइनल में भारतीय टीम ने नेपाल को 4-2 से हराकर फाइनल में जगह बनाई।

फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन किया। मैच में ज्यादातर समय भारतीय टीम अटैकिंग मोड में खेली, वहीं बांग्लादेश की टीम डिफेंसिव रही। मैच के दौरान बांग्लादेश की टीम महज एक बार भारतीय टीम के गोलपोस्ट के नजदीक पहुंची, लेकिन भारतीय गोलकीपर सूरज सिंह ने शानदार बचाव किया।

- अब तक दो बार हुआ है सैफ अंडर-17 चैम्पियनशिप का आयोजन।
- दोनों बार भारतीय फुटबॉल टीम ने जीता है यह खिताब।
- भारत ने इससे पहले वर्ष 2022 में नेपाल को हराकर जीता था खिताब।
- भारत ने अंडर-15 कैटेगरी और अंडर-16 कैटेगरी में भी 2-2 बार जीती है सैफ फुटबॉल चैम्पियनशिप।

मैच का पहला हाफ गोलरहित रहा। पहले हाफ में दोनों टीमों ने गोल करने का प्रयास किया लेकिन कोई भी टीम गोल करने में सफल नहीं हो सकी। दूसरे हाफ में भारतीय टीम ने आक्रामक रणनीति अपनाई और बांग्लादेश को दबाव में ला दिया। भारतीय टीम को पहली सफलता 58वें मिनट में मिली। टीम के स्ट्राइकर मोहम्मद कैफ ने बेहतरीन हेडर के जरिए गोल कर भारतीय टीम को 1-0 से आगे कर दिया। मैच के इंजरी टाइम में मोहम्मद अरबाश ने बाएं पैर से शानदार गोल कर भारतीय टीम की बढ़त दोगुनी कर दी।

आईपीएल 2025

खिलाड़ियों को मिलेगी 7.5 लाख रुपये मैच फीस

मुंबई, इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अगले सत्र से हर खिलाड़ी को प्रत्येक मैच के लिए 7.5 लाख रुपये की मैच फीस मिलेगी। यह राशि खिलाड़ियों को मिलने वाली कॉन्ट्रैक्ट राशि के अतिरिक्त होगी। यह नियम भारतीय और विदेशी दोनों खिलाड़ियों पर लागू होगा। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने बताया कि खिलाड़ियों को मैच फीस फ्रैंचाइजी टीमें देंगी। इसके लिए हर फ्रैंचाइजी को 12.60 करोड़ रुपये जारी किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इससे आईपीएल के सभी 14 मैच खेलने वाला हर खिलाड़ी कॉन्ट्रैक्ट राशि के अलावा 1.05 करोड़ रुपये कमा सकेगा।

बीसीसीआई के इस फैसले से उन खिलाड़ियों को फायदा होगा, जिन्हें ऑक्शन में कम कीमत पर खरीदा जाता है। आईपीएल में खिलाड़ियों को मिलने वाली मैच फीस भारत के लिए वन-डे अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने वाले खिलाड़ियों से ज्यादा होगी। आईपीएल की मैच फीस प्रति मैच 7.5 लाख रुपये है, जबकि वन-डे अंतर्राष्ट्रीय मैच के लिए खिलाड़ियों को 6 लाख रुपये प्रति मैच मिलते हैं।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

वियतनाम को 20 लाख डॉलर की सहायता प्राप्त

एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने कहा कि वियतनाम के उत्तरी क्षेत्र में शक्तिशाली तूफान टाइफून यागी से प्रभावित निवासियों को आपातकालीन और मानवीय सेवाएं प्रदान के लिए 20 लाख डॉलर के अनुदान को मंजूरी दी है। दशकों बाद वियतनाम में आए सबसे शक्तिशाली तूफान टाइफून यागी ने सात सितंबर को वियतनाम के उत्तरी तट पर दस्तक दी थी, वियतनाम आपदा और डाइके प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार इससे 337 से अधिक लोग मारे गए या लापता बताए गए हैं और 1,935 अन्य लोग घायल हुए हैं।

भारतीय नागरिकों को शीघ्र लेबनान छोड़ने की सलाह

भारत ने बढ़ती हिंसा के बीच भारतीय नागरिकों से लेबनान की यात्रा से बचने का आग्रह किया है और वहां मौजूद लोगों को अत्यधिक सावधानी बरतने तथा जल्द से जल्द लेबनान छोड़ने की सलाह दी है। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों से संबंधित कार्यालय ने कहा था कि लगभग एक साल पहले हिजबुल्लाह द्वारा उत्तरी इज़रायल पर रॉकेट दागने और इज़रायल की जवाबी कार्रवाई के बाद लेबनान में 2,00,000 लोग विस्थापित हुए हैं। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्री के अनुसार, इज़रायली हमलों में 51 लोग मारे गए और 223 घायल हुए।

अमेरिका में तूफान 'हेलेन' हुआ मजबूत

तूफान 'हेलेन' लगातार मजबूत हो रहा है जिसके चलते फ्लोरिडा पर खतरा मंडराने लगा है। अमेरिकी राष्ट्रीय तूफान केंद्र (एनएचसी) के अनुसार उष्णकटिबंधीय 'हेलेन' मैक्सिको की खाड़ी से गुजरते हुए 'कैटेगरी-1' का तूफान बन गया है। एनएचसी ने अनुमान लगाया है कि फ्लोरिडा के बिग बेंड तट पर पहुंचने पर तूफान की गति बढ़ जाएगी। एनएचसी ने टैम्पा बे सहित फ्लोरिडा के पैनहैंडल में रहने वाले लोगों को 'जीवन और सामान की सुरक्षा' के लिए जरूरी सावधानी बरतने और निकासी प्रोटोकॉल का पालन करने की सलाह दी। तटीय शहरों में आठ फीट ऊंची विनाशकारी लहरें दिख सकती हैं।

मिथुन चक्रवर्ती को दादा साहेब फाल्के पुरस्कार

केंद्र सरकार ने मशहूर फिल्म अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को भारतीय सिनेमा के सर्वोच्च सम्मान दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से अलंकृत करने की घोषणा की है। रेल, सूचना प्रौद्योगिकी एवं सूचना प्रसारण मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि मिथुन दा की उल्लेखनीय सिनेमाई यात्रा पीढ़ियों को प्रेरित करती है। यह घोषणा करते हुए सम्मानित महसूस हो रहा है कि दादा साहब फाल्के चयन जूरी ने महान अभिनेता श्री मिथुन चक्रवर्ती जी को भारतीय सिनेमा में उनके प्रतिष्ठित योगदान के लिए यह पुरस्कार देने का निर्णय लिया।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छता ही सेवा-2024 कार्यक्रम को किया संबोधित

स्वच्छ भारत मिशन दुनिया का सबसे बड़ा सफल और जन भागीदारी वाला जन-आंदोलन

दो अक्टूबर के दिन, मैं कर्तव्यबोध से भी भरा हुआ हूं और उतना ही भावुक भी हूं। स्वच्छ भारत मिशन की यात्रा 10 साल के मुकाम पर पहुंच चुकी है। स्वच्छ भारत मिशन की यह यात्रा, करोड़ों भारतवासियों की अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है। बीते 10 साल में भारतीयों ने इस मिशन को अपनाया है, अपना मिशन बनाया है और इसे अपने जीवन का हिस्सा बनाया है। यह बात प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में आयोजित स्वच्छता ही सेवा-2024 कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। प्रधानमंत्री ने कहा कि 10 साल की इस यात्रा के पड़ाव पर, हर देशवासी, हमारे सफाई मित्र, हमारे धर्मगुरु, हमारे खिलाड़ी, हमारे सेलिब्रिटी, एनजीओ और मीडिया के साथियों, सभी ने मिलकर स्वच्छ भारत मिशन को इतना बड़ा जन-आंदोलन बना दिया। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के 15 दिनों में देशभर में 27 लाख से ज्यादा कार्यक्रम हुए, जिनमें 28 करोड़ से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया। निरंतर प्रयास करके

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में स्वच्छता ही सेवा-2024 कार्यक्रम को संबोधित किया

ही हम अपने भारत को स्वच्छ बना सकते हैं। मैं सभी का, प्रत्येक भारतीय का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं।

स्वच्छता पर नहीं दिया ध्यान

प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वच्छता का रास्ता तो महात्मा गांधी जी ने हमें आजादी के आंदोलन में ही दिखाया था और सिखाया भी था। लेकिन आजादी के बाद स्वच्छता पर बिल्कुल ध्यान ही नहीं दिया गया। जिन लोगों ने सालों-साल गांधी जी के नाम पर सत्ता के रास्ते ढूंढे, गांधी जी के नाम पर वोट बटोरे। उन्होंने गांधी जी के प्रिय विषय को भुला दिया। उन्होंने गंदगी को, शौचालय के अभाव को देश की समस्या माना ही नहीं, ऐसा लग रहा है जैसे उन्होंने गंदगी को ही जिंदगी मान लिया।

कई प्रोजेक्ट्स का शुभारंभ

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस महत्वपूर्ण पड़ाव पर स्वच्छता से जुड़े करीब 10 हज़ार करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट्स की भी शुरुआत हुई है। मिशन अमृत के तहत देश के अनेक शहरों में वॉटर और सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाए जाएंगे।

अमेरिका का F-16 रूस के सुखोई-35 की टक्कर से बचा

अमेरिका और रूस की सेना में बढ़ रहा तनाव।

अमेरिका के कनाडा से सटे अलास्का राज्य के पास सुखोई-35 विमान की खतरनाक हरकत है।

सुखोई विमान अमेरिकी वायुसेना के एफ-16 विमान के पास से गुजरा, जिससे टक्कर का खतरा था।

यूक्रेन युद्ध के बीच अमेरिका और रूस की सेना में तनाव काफी बढ़ता दिख रहा है। अमेरिका के कनाडा से सटे अलास्का राज्य के पास समुद्र में रूसी सुखोई-35 लड़ाकू विमान खतरनाक तरीके से अमेरिकी वायुसेना के एफ-16 विमान के पास से गुजरा, जिससे उसके टकराने का खतरा पैदा हो गया था। अमेरिकी वायुसेना ने बताया कि एफ-16 विमान रूस के दो Tu-95 बॉम्बर का पीछा करके उसे खदेड़ रहे थे जो अलास्का के पास आ गया था। इसी दौरान रूसी सुखोई-35 फाइटर जेट अचानक से एफ-16 विमानों के बीच से निकल गया। इस घटना का वीडियो अमेरिकी वायुसेना ने जारी किया है।

विशेषज्ञों का कहना है कि इस तरह का नाटकीय वीडियो कुछ साल पहले काला सागर की घटना के बाद आया है। वीडियो में अचानक से रूसी सुखोई-35 विमान अमेरिकी एफ-16 के बगल से आगे से निकला, इससे अमेरिकी विमान टक्कर होने से बाल-बाल बचा।

रूस-यूक्रेन संघर्ष

पुतिन ने दी परमाणु बम की धमकी

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन युद्ध के बीच परमाणु धमकी दी है। पुतिन ने रूस की परमाणु नीति में समीक्षा का प्रस्ताव दिया है। विश्लेषकों का कहना है कि पुतिन यूक्रेन और यहां तक कि नाटो सदस्य देशों में परमाणु बम इस्तेमाल करने की तैयारी कर रहे हैं। रूस के पास 5,580 परमाणु हथियार हैं और उसने 1710 एटम बमों को तैनात कर रखा है। यह दुनिया में सबसे ज्यादा हैं। इन परमाणु बमों को दागने के लिए रूस के पास R-36 अंतरमहाद्वीपीय मिसाइल, परमाणु ऊर्जा से चलने वाला टारपीडो पोसाइडन, सबमरीन से दागे जाने वाली बुलावा मिसाइल और टोपोल एम मोबाइल अंतर महाद्वीपीय मिसाइल है जो खुद का बचाव करने में सक्षम है।

शिगेरु इशिबा जापान के नए प्रधानमंत्री

जापान के नए प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा बन गए हैं। खबर है कि पूर्व रक्षा मंत्री शिगेरु इशिबा दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की कमान संभालने वाले हैं। लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (LDP) के नेतृत्व के हुए चुनाव में शिगेरु ने करीबी मुकाबले में जीत हासिल कर ली है। खास बात है कि इस रेस में पार्टी के 9 उम्मीदवार शामिल थे।

जापान की संसद के निचले सदन में महिलाओं की संख्या केवल 10.3 प्रतिशत है। जेनेवा स्थित अंतर-संसदीय संघ द्वारा अप्रैल में जारी की गई रिपोर्ट के मुताबिक 190 देशों में महिला प्रतिनिधित्व के मामले में जापान 163वें स्थान पर है। किशिदा और उनके कैबिनेट मंत्री के इस्तीफा देने के बाद इशिबा ने जापान की कमान संभाली है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने जापान के नवनियुक्त प्रधानमंत्री शिगेरु को एक्स पर बधाई भेजी है।

नेपाल में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश और भूस्खलन से भारी तबाही

नेपाल में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के कारण बाढ़ और भूस्खलन ने भारी तबाही मचाई है। इसकी चपेट में आने से करीब 60 लोगों की जान चली गई है और 36 घायल हुए हैं। काठमांडू पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, कई लोग अभी भी लापता हैं। बाढ़ के पानी में फंसे सैकड़ों लोगों को बचाया गया है। काठमांडू घाटी में बाढ़ और भूस्खलन होने से 34 मौतें हुई हैं। ललितपुर में 16, भक्तपुर में 5, सिंधुपालचोक में 2 और पंचथर, धनकुटा और सिंधुली से भी मौत की खबर है।

बचाव कार्यों के लिए 20,000 से अधिक पुलिस अधिकारी तैनात

पुलिस की ओर से जारी बयान के अनुसार, देश के बाकी हिस्सों को राजधानी काठमांडू से जोड़ने वाले राजमार्गों सहित लगभग सभी राजमार्ग आपदाओं के कारण बाधित हुए हैं। नेपाल सरकार ने घोषणा की है कि बचाव कार्यों के लिए 20,000 से अधिक पुलिस अधिकारियों को तैनात किया गया है। भूस्खलन के कारण कई लोग घायल हो गए हैं और कई लापता हैं। सीनियर पुलिस अधीक्षक बिश्वो अधिकारी के अनुसार, अकेले काठमांडू घाटी के तीन जिलों में 32 लोगों की मौत हो गई है और 12 अभी भी लापता हैं। बचावकर्मियों ने घाटी के भीतर बाढ़ के पानी में फंसे 1,053 लोगों को सफलतापूर्वक बचाया है।

अधिकारी के अनुसार, घाटी में बाढ़ के कारण 4 कंक्रीट के घर नष्ट हो गए हैं और 1244 घर जलमग्न हो गए हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि इस साल मॉनसून के मौसम में नेपाल में औसत से अधिक बारिश हुई है। अधिकारी ने कहा कि देशभर में 44 स्थानों पर मुख्य राजमार्ग अवरुद्ध हो गए हैं।

वुहान के पास वूचांग शिपयार्ड पर समंदर में डूब गई चीन की परमाणु पनडुब्बी

अमेरिका की नौसेना को टक्कर देने के लिए समंदर में अपनी ताकत बढ़ाने में लगे चीन को बड़ा झटका लगा है। उसकी एक नई परमाणु पनडुब्बी निर्माण के दौरान ही समंदर में डूब गई। रिपोर्ट्स के मुताबिक करीब दो महीने पहले वुहान के पास वूचांग शिपयार्ड पर चीन के साथ यह हादसा हो गया। इस घटना की पुष्टि अमेरिका ने भी की है।

अमेरिका के एक शीर्ष अधिकारी ने अपने बयान में कहा कि यह बीजिंग के लिए शर्म की बात है। बता दें कि चीन के पास इस समय दुनिया की सबसे बड़ी नौसेना है। उसके पास करीब 370 युद्धपोत हैं। इसके अलावा वह तेजी से परमाणु पनडुब्बियां बनाने में जुटा है।

अमेरिका के एक रक्षा अधिकारी ने कहा कि चीन की प्रथम श्रेणी की परमाणु पनडुब्बी मई या जून में डूब

गई थी। हालांकि वाशिंगटन में चीनी दूतावास के प्रवक्ता ने इस मामले में कोई भी प्रतिक्रिया देने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि इस मामले में कोई जानकारी नहीं मिली है। अमेरिकी अधिकारी ने भी यह नहीं बताया कि किस वजह से पनडुब्बी डूब गई।

हड़बड़ी की वजह से हुआ हादसा

चीन का लक्ष्य है कि वह 2025 तक 65 और 2035 तक 80 पनडुब्बियां अपनी सेना में शामिल कर लेगा। जानकारी के मुताबिक पनडुब्बी में ईंधन मौजूद नहीं था। जानकारों का कहना है कि चीन की हड़बड़ी की वजह से यह हादसा हुआ है। वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट मानें तो इस पनडुब्बी को निकालने में कई महीने लग सकते हैं। यह टाइप 041 परमाणु सबमरीन है। इसमें फाइनल फिटिंग की जा रही थी।

स्वामी- मध्यप्रदेश माध्यम, प्रकाशक- डॉ. सुदाम खाड़े, मुद्रक- डॉ. सुदाम खाड़े द्वारा मेसर्स डी.बी. कॉर्प लिमिटेड, 10-11, सेक्टर-B, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित एवं मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- रंजना चितले।